आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* राष्ट्रीय बालिका दिवस
* भगवान देवनारायण जयंती ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 177 | इंदौर, शनिवार 24 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com



श्री राम मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर नि:शुल्क वितरण हुआ। अब दूसरा कैलेंडर नि:शुल्क आज अपने हॉकर से प्राप्त करें।

### अफसरशाही पर अभेद प्रश्न- सीएस बोले सीएम कहते हैं कलेक्टर बिना लिए-दिए काम ही नहीं करते

# मुख्य सचिव की तल्ख बात सुन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर्चुअल जुड़े अफसर सकते में

सुशासन के हाल जाने तो सामने आया कि लोगों की शिकायतों को अटेंड ही नहीं किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव की दो बार से टल रही कलेक्टर-एसपी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बुधवार को मंत्रालय के एंटी चैंबर से हुई। इसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन ने जिलों के प्रशासनिक कामकाज पर तीखी टिप्पणी की। सुशासन पर बातचीत के समय उन्होंने भ्रष्टाचार व पैसों के लेन-देन का किस्सा सुनाया और कहा- सीएम बोलते हैं कि कोई कलेक्टर बिना पैसे लिए काम ही नहीं करते। मैंने उनसे कहा- ऐसी बात नहीं है। जो भी ऐसा भ्रष्टाचार कर रहा है, उन्हें हटा दीजिए।

सीएस के यह कहते ही वर्चुअल जुड़े कलेक्टर सकते में आ गए। दो बार से टल रही यह कॉन्फ्रेंस बुधवार को हुई। सुशासन के रिव्यू में ही सामने आया कि लोगों की शिकायतों को अटेंड ही नहीं किया जा रहा। शासन में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और कमिश्नर के स्तर पर ही लाखों शिकायतें पेंडिंग चल रही हैं। प्रदेश के एक प्रमुख दैनिक ने कॉन्फ्रेस की इस बात को उजागर करते हुए बयान किया।

- **सवाल उठा तो अधिकारी गायब-** इसी बीच, इंदौर जिले से एक शिकायत सामने आई कि एफआईआर दर्ज नहीं हो रही। सीएस ने इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह से कारण पूछा तो वो स्क्रीन पर नहीं दिखे। उन्हें तुरंत फोन लगाया गया, वो स्विच ऑफ मिला। इस पर सीएस ने कहा- डीजीपी कैलाश मकवाना हैं मगर ऐसा लगता है कि कई जगहों के एसपी चले गए। आगे से यह ध्यान रखें कि जब तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग चलेगी, एसपी भी मौजूद रहेंगे। डीजीपी न भी रहें तो भी उन्हें बैठना है।
- **ये निर्देश भी दिए-** सीएस ने कहा अवैध खनिज कारोबार सहित समाज विरोधी अन्य गतिविधियों को सख्ती से रोकें। भिंड, मुरैना, शहडोल, जबलपुर और नरसिंहपुर जिलों में विशेष अभियान चलाना चाहिए। ऐसी बस्तियां जहां संकरी सड़कें हैं और मूवमेंट में समस्या आती है, ऐसे स्थानों वाले 24 जिलों में अब तक जोनल प्लान तैयार किया गया है। ऐसी 1343 गलियों और बस्तियों को संवेदनशील माना गया है और 23 जिलो में जीआईएस मैप पर अंकित किया है। शेष जिले 3 माह में काम करें। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अपराधों को सख्ती से रोकें। ऐसे मामलों में पीड़ित पक्षकारों को निर्धारित अवधि में राहत राशि मिले।
- **ये भी रखे मुद्दे -** प्रदेश में 1343 संवेदनशील गलियां, पुलिस मूवमेंट पर खतरा। साल 2025 में 14 जिलों में नशे के खिलाफ बैठकें नहीं हुईं। एसी-एसटी पीड़ितों को राहत देने में देरी, हजारों केस पेंडिंग। 20 से अधिक जिलों में हिट एंड रन का एक रुपया भी मुआवजा नहीं दिया गया। सीमांकन, बंटवारा और नामांतरण में सीधी, टीकमगढ़ और मैहर सबसे



पीछे हैं। कई जिले रेड जोन में। रिव्यू में ही सामने आई हकीकत- लोगों की शिकायतों की ही सुनवाई नहीं हो रही।
- **सीएस ने किस्सा सुनाया कैसे हो रहा लेन देन-** सीएस ने सुनाया किस्सा, बताया- कैसे हो रहा लेन-देन नामांतरण की एक शिकायत आई। इसमें लिखा था कि काम करने के पैसे मांगे जा रहे हैं। मैंने जांच के लिए उसे कलेक्टर को भेजा। वहां से रिपोर्ट दी गई कि शिकायत गलत है, ऐसा कुछ नहीं है। कलेक्टर की रिपोर्ट वैसी की वैसी शिकायतकर्ता को भेज दी। शिकायतकर्ता का पलट कर जवाब आया कि एसडीएम-पटवारी आए थे और 7.50 लाख रुपए में लेन-देन तय करके गए हैं। शिकायतकर्ता द्वारा लिखी गई यह बात कलेक्टर को भेजी और जांच के लिए कहा। कलेक्टर ने एडीएम को भेजा तो शिकायतकर्ता की बात को सही पाया। ये सब क्या है?
- **सीएम हेल्पलाइन पर हेल्पलेस का सवाल उठा-** एल-3 और एल-4 स्तर पर कमिश्नर, सचिव, प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव आते हैं। यही वह स्तर है, जहां जिले (एल-1) और संभाग (एल-2) स्तर पर हल न हो सकी शिकायतों का निपटारा होना चाहिए। लेकिन इस स्तर पर भी शिकायतें पेंडिंग हैं।

### समग्र ई-केवाईसी में भोपाल-इंदौर फिसड्डी जिलों में शामिल

- 42 विभागों की 139+ योजनाओं में ई-केवाईसी सत्यापित समग्र आईडी जरूरी हैं। पर भोपाल, इंदौर, आलीराजपुर, मऊगंज व जबलपुर फिसड्डी जिलों में शामिल रहे।
- भोपाल सबसे नीचे हैं। अभी तक 1.65 करोड़ डुप्लीकेट समग्र से बाहर हो चुके हैं। करीब 2 करोड़ की ई-केवाईसी बाकी है। सीएस ने कहा- इसे जल्द पूरा किया जाए।

### सीएस के सामने आया शिकायतों का सत्य

- 100 दिन से ज्यादा पेंडिंग 1,74,013
- एल-3 व एल-4 स्तर पर पेंडिंग 2,75,219
- जिन शिकायतों को देखा ही नहीं गया 98,621
- एल-3 व एल-4 स्तर पर वो शिकायतें जिनकी मियाद पूरी हो चुकी- 1,89,293

### कांग्रेस की फेस बुक वाल पर छाया मुद्दा

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के प्रमुख दैनिक की इस खबर को अपने फेसबुक पेज पर लगाते हुए उसके नीचे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान लगाया है जिसमें लिखा गया है कि इस गंभीर प्रशासनिक पतन की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से तत्काल इस्तीफा लिया जाए, क्योंकि उनके नेतृत्व में राज्य व्यवस्था पर नियंत्रण समाप्त होता दिख रहा है।

**पटवारी बोले सीएम को पद पर रहने का अधिकार नहीं-** शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्वालियर दौरे पर रहे। इस दौरान भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जिले में हर कलेक्टर चोर है। यदि मुख्य सचिव इस बात को स्वीकार करते हैं, तो मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। यहां उन्होंने संभागीय ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। महू में दूषित पानी के मामले पर पटवारी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में 25 साल से एक ही सरकार है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुना था कि पीने के पानी में जहर होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जहरीले पानी से 25 लोगों की मौत हो चुकी है। एनजीटी के निर्देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश का 70 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है।

**कहा पैसे से ही पोस्टिंग मिलती है-** पीएम मोदी को लिखे पत्र को लेकर उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और चीफ सेक्रेटरी दोनों ने यह स्वीकार किया है कि जिले में हर कलेक्टर चोर है हर कलेक्टर पैसा लेता है। हम बार-बार यह कह रहे हैं। 50% भ्रष्टाचार होता है, लेकिन इस सरकार ने ये गैप भी तोड़ दिया है। इस पर सील लगाने का काम चीफ सेक्रेटरी ने किया है। यह पूरी जानकारी पीएमओ में भी है और यह पूरी जानकारी पीएम को भी है। इसका मतलब यह है कि जो कलेक्टर आता है उसे पता है कि वह चोरी करने के लिए जिले में आता है, उसे पीएम भेजता है उसको पैसे से ही पोस्टिंग मिलती है।

## देश विदेश

### तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू

**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। पीएम पहले केरल गए, वहां रोड शो निकाला। फिर 55 मिनट तक एक रैली को संबोधित किया। पीएम ने तिरुवनंतपुरम में कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है। शाम को मोदी तमिलनाडु के चेंगलपट्टू पहुंचे। यहां पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है।

### फिल्म : बॉर्डर-2 में
## बेटे को देख भावुक हुए सुनील शेट्टी




इंस्टाग्राम पर इमोशनल नोट लिखा, कहा- तुम्हें वर्दी में देख पुरानी यादें ताजा हो गई

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी स्टारर फिल्म बॉर्डर-2 आज रिलीज हो गई। फिल्म के पहले पार्ट में सुनील शेट्टी ने काम किया था। फिल्म के सेकंड पार्ट में उनके बेटे अहान शेट्टी नजर आ रहे हैं। फिल्म में बेटे अहान को देखकर सुनील शेट्टी भावुक हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम पर बॉर्डर और बॉर्डर-2 का फुटेज शेयर करते हुए लंबा नोट लिखा है। एक्टर ने लिखा- 'आज बॉर्डर 2 आज रिलीज हो रही है। मेरे बेटे, आज मैं तुम्हें बताना चाहता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने शूटिंग खत्म होने के बाद तक निभाया। सालों बाद, तुम्हें वर्दी पहने देखना एक तरह से पुरानी यादों को ताजा कर देता है। यह पुरानी यादों की नहीं, बल्कि अनुशासन, बलिदान, मौन और साहस की याद दिलाता है। यह फिल्म गौरव या युद्ध के बारे में नहीं है। यह हमें याद दिलाती है कि शांति क्यों जरूरी है। बॉर्डर वो नहीं, जहां देश खत्म होता है।

### अमेरिका में पांच साल के बच्चे को हिरासत में लिया

**मिनेसोटा।** अमेरिका के मिनेसोटा स्टेट के कोलंबिया हाइट्स में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट एजेंट्स ने एक 5 साल के बच्चे लियाम कोनेजो रामोस को पिता के साथ हिरासत में लिया। बीबीसी के मुताबिक दोनों को टेक्सास के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर भेजा गया है। लियाम की स्कूल सुपरिंटेंडेंट जेना स्टेनविक ने बताया, एजेंट्स ने चलती गाड़ी से बच्चे को उतारा। फिर उन्होंने उसे घर का दरवाजा खटखटाने को कहा, ताकि पता चले कि अंदर कोई है या नहीं। जेना ने इसे 5 साल के बच्चे का इस्तेमाल करना बताया। गिरफ्तारी के डर से पिता ने मां को दरवाजा खोलने से मना किया। हालांकि कुछ देर बाद माता-पिता ने अपने बच्चे को घर के अंदर लाने की मंशा से दरवाजा खोला, तभी बाहर मौजूद एजेंट्स ने पिता को गिरफ्तार किया।

### ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाकिस्तानी पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमेरिका के बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक ऐसा करके शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं। पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। हुसैन ने कहा कि पीएम को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा है।

### पीसीसी चीफ पटवारी ने बीएलओ और आरओ को दी चेतावनी

# गड़बड़ की तो सीधे जेल जायेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में हो रही एसआईआर को लेकर एक बार फिर हमला बोला है, उन्होंने आरोप लगाया है भाजपा के मंत्रियों को अपने वोटों की रक्षा की जिम्मेदारी दी है और फार्म 7 के माध्यम से वोट कटवाने और जुड़वाने का काम कर रही है जो वोट के अधिकार पर हमला है, उन्होंने बीएलओ और आरओ को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्होंने भाजपा के दबाव में कोई गड़बड़ की तो सीधा जेल जायेंगे।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी आज ग्वालियर आये उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूरे संगठन के निर्माण की भावना बनाई है, वार्ड पंचायत और मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन हो रहा है, अभी तक 7 हजार पंचायत कमेटी का गठन हो चुका है, ग्वालियर-चंबल संभाग के सारे अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारियों को बुलाया गया है ताकि इसकी गंभीरता को समझकर काम पूरा हो।



### एसआईआर को लेकर सरकार पर हमला

एसआईआर में मुस्लिम वोट काटे जाने को लेकर जीतू पटवारी बोले, बीजेपी ने अपने सारे मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है अपने वोट की रक्षा करें, भाजपा फार्म 7 के माध्यम से वोटों को कटवा रही है और जुड़वा रही है जबकि एसआईआर तो शुद्धिकरण के लिए है, उन्होंने कहा अभी तक 11 लाख आपत्तियों की शिकायत मिली है, जो उस लोकतंत्र पर प्रहार है जिसे राहुल गांधी बार-बार उठा रहे हैं, जीतू पटवारी ने बीएलओ और आरओ को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के प्रभाव में आकर अगर आपने गलती की तो एफआईआर कराएंगे सीधा जेल भेजेंगे, कोई भी अन्याय करेगा, अवैधानिक काम करेगा तो कांग्रेस छोड़ेगी नहीं।


### बीजेपी पूरी सरकार आउटसोर्स पर चलाना चाहती है

ई ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद आउटसोर्स कर्मचारीयो की भर्ती बन्द करने से जुड़े सवाल पर जीतू पटवारी ने कहा कि स्वाभाविक है आउटसोर्स व्यवस्था चालू ही क्यों की गई थी क्योंकि आप नियमित नौकरी नहीं देना चाहते थे क्योंकि आप सारे पद ईमानदारी से नहीं भर रहे थे, उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी पूरी सरकार आउटसोर्स पर चलाना चाहती है, मंत्रालय आउटसोर्स पर चलना चाहती है, स्वास्थ्य विभाग आउटसोर्स पर जा चुका है यह आउटसोर्स की ही सरकार है लेकिन जिन कर्मचारियों ने सालों काम किया है उनके भविष्य का क्या होगा यह सरकार असंवेदनशील है उनको किसी की संवेदनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### वरिष्ठ पत्रकार श्री शर्मा का निधन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पंथपिपलई निवासी दैनिक अवन्तिका के वरिष्ठ पत्रकार रमेशचंद्र शर्मा का विगत दिवस निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे सुभाष, तरूण और विजय के पिता थे।



उनकी अंतिम यात्रा पंथ पिपलई स्थित निज निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित स्नेहीजन शामिल हुए। गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। दैनिक अवन्तिका परिवार श्री शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करता है एवं ईश्वर से प्रार्थना करता है दुःख की घड़ी में परिवार को दुःख सहन करने का साहस प्रदान करें।

### कर्तव्य पथ पर जवानों का मार्च

## बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

# इंदौर में दूषित पानी से 26वीं मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से शुक्रवार को एक और मौत हो गई। 63 साल के बद्री प्रसाद को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बद्री प्रसाद को टीबी की बीमारी भी थी। इन्हें मिलाकर भागीरथपुरा में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है।

भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब अरविंदो अस्पताल में 10 लोग भर्ती हैं। एक मरीज वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, भर्ती मरीजों में से 8 दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित हैं।

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के मामले में क्षेत्र के 30% हिस्से में रोज एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई शुरू हो गया है। इसके साथ ही नियमित टेस्टिंग हो रही है। हालांकि, अभी रहवासियों का विश्वास कायम होने में समय लगेगा। अधिकांश रहवासी तो आरओ और टैंकर का पानी ही उपयोग कर रहे हैं। बाकी 70% हिस्सों में जो पाइपलाइन का काम चल रहा है, वो इस माह पूरा हो जाने की उम्मीद है। दरअसल, जहां काम शुरू हुआ उसमें 30% हिस्सा वह है जहां दो साल पहले मुख्य पाइप लाइन डाली गई थी। इसमें लीकेज चेक करने के साथ एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई शुरू हो गई है।

### पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वारफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

### भारतीय शेयर बाजार में मचा हाहाकार

# निवेशकों के डूब गए 6 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बड़ी बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 769.67 अंक या 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,537.70 और निफ्टी 241.25 अंक या 0.95 अंक की गिरावट के साथ 25,048.65 पर बंद हुआ।

सुबह बाजार ने तेजी के साथ शुरूआत की, जिससे निवेशकों के चेहरों पर थोड़ी रौनक लौटी थी लेकिन यह खुशी ज्यादा देर टिक नहीं सकी। दिन चढ़ते-चढ़ते बाजार धड़ाम से नीचे आ गया और देखते ही देखते निवेशकों की करीब 6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई।

बाजार में दबाव बनाने का काम रियल्टी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों ने किया।

### रुपया भी हुआ बेहाल, लाल निशान पर हुआ बंद



निफ्टी रियल्टी 3.34 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक 2.27 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 1.92 प्रतिशत, निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.80 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा 1.69 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 1.54 प्रतिशत और निफ्टी कमोडिटीज 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में करीब सभी मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचयूएल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स थे। इटरनल, इंडिगो, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, बीईएल, एसबीआई, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल और एमएंडएम लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,045.65 अंक या 1.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 57,145.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 324.50 अंक या 1.95 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,352.75 पर था।

दैनिक अवन्तिका

स्वागतम् 2026

तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



दो वितरित एक और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में

नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर

9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव

**उज्जैन।** पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी बिजली वितरण कंपनी (डिस्कॉम) ने 2026-27 के लिए बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब मप्र में बिजली पहले से ही पड़ोसी राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात से महंगी है।

**उपभोक्ताओं से दस साल पुराने बिजली खर्च को वसूलने की तैयारी**

दरअसल, प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों ने वर्ष 2014-15 से 2022-23 के बीच के दस साल पुराने बिजली खर्च को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की है। इस याचिका में कुल 3,450.63 करोड़ रुपए की वसूली की अनुमति मांगी गई है। यह याचिका एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के माध्यम से राज्य की तीनों वितरण कंपनियों-पूर्व, मध्य और पश्चिम डिस्कॉम की ओर से दाखिल की गई है। डिस्कॉम का तर्क है कि यह राशि बिजली बनाने वाली कंपनियों (जनरेटरों) को पहले ही चुकाई जा चुकी है, लेकिन पुराने ट्रू-अप आदेशों में इसे पूरी तरह मंजूरी नहीं मिल पाई थी।

बिजली दरों में यह प्रस्तावित बढ़ोतरी हाल के वर्षों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी में से एक है। हालांकि, नियामक आयोग उपभोक्ताओं से सुझाव और आपत्तियां मांगेगा और सार्वजनिक सुनवाई करेगा। इसके बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। पिछले वर्षों में, आयोग ने डिस्कॉम द्वारा मांगी गई बढ़ोतरी से कम वृद्धि को मंजूरी दी है। अगर यह बढ़ोतरी मंजूर हो जाती है, तो एक सामान्य शहरी मध्यमवर्गीय परिवार, जो एक एसी, फ्रिज, पंखे, लाइट और टीवी का उपयोग करता है और लगभग 400 यूनिट बिजली हर महीने खर्च करता है, उसका मासिक बिल लगभग 3,550 रुपये हो जाएगा। यह वर्तमान बिल से लगभग 300 रुपये अधिक है, यानी सालाना लगभग 3,600 रुपये की बढ़ोतरी। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हो रही है जब लोगों के घर का बजट पहले से ही तंग है। जिन खर्चों की अब वसूली मांगी जा रही है, वे अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) बिजली बिल हैं। ये बिल बिजली उत्पादक कंपनियों ने कई साल बाद भेजे। इनका कारण केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के संशोधित टैरिफ आदेश, कानून में बदलाव, टैक्स और ड्यूटी में परिवर्तन, आयकर से जुड़े समायोजन और खातों के अंतिम रूप से बंद होने के बाद सामने आए दावे बताए गए हैं। डिस्कॉम्स का कहना है कि ये सभी खर्च ऑडिटेड खातों में दर्ज हैं और वास्तविक हैं। हालांकि, संबंधित वर्षों के ट्रू-अप के दौरान आयोग ने कुछ दावों को यह कहते हुए स्वीकार नहीं किया कि इन्हें अलग से याचिका में लाया जाए। अब उसी आधार पर इन्हें वित्त वर्ष 2024-25 की ट्रू-अप याचिका में शामिल किया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि दस साल पुराने खर्चों का बोझ मौजूदा उपभोक्ताओं पर क्यों डाला जाए। उपभोक्ता संगठनों का मानना है कि यदि डिस्कॉम्स समय पर अपने दावे पेश नहीं कर पाए, तो इसकी जिम्मेदारी आम बिजली उपभोक्ताओं पर नहीं डाली जानी चाहिए। इसके अलावा, याचिका में यह भी स्वीकार किया गया है कि पुराने वर्षों का पूरा डेटा नए आईटी सिस्टम में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अधूरे या पुराने रिकॉर्ड के आधार पर इतनी बड़ी राशि की वसूली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बस स्टैंड पर पीने के लिए पानी भी नहीं, गंदगी का आलम, फर्श पर बैठकर यात्रियों को करना पड़ रहा बस का इंतजार

### यात्रियों की परेशानी की वास्तविकता देखनी हो तो...

# कुछ पल देवास गेट बस स्टैंड पर गुजार कर तो देखें...





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर का मुख्य देवास गेट बस स्टैंड वर्षों से यात्री सुविधाओं के लिए तरस रहा है।देवास गेट बस स्टेशन पर यात्रियों की सुख सुविधा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं कई बार अधिकारियों ने भी बस स्टैंड का दौरा किया । लेकिन उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की परेशानी की वास्तविकता देखनी हो तो एक बार कुछ पल देवास गेट बस स्टेशन परिसर में गुजार कर देखें.. यहां किस तरह यात्री परेशान होकर बस का इंतजार करते हैं।

देवास गेट बस स्टैंड के अंदर बिल्डिंग सहित परिसर में गंदगी का अंबार है यहां पर बदबू की वजह से यात्री कुछ समय बस का इंतजार करने में भी कतरा रहे हैं। यहीं आलम बस स्टेशन के बाहर परिसर के हैं जहां पर बस खड़ी है वहीं कचरा व गंदगी का ढेर लगा है। यहां की नालियां चौक है। नालियों का गंदा पानी परिसर में फैला हुआ है। बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। आसपास की दुकान के बाहर उन्हें ज्यादा देर खड़ा नहीं रहने दिया जाता है। ऐसे में इन सब परेशानियों को झेलते हुए बाहर से आने वाले यात्री मन में इस व्यथा को लेकर वापस अपने शहर लौट जाते हैं।

### बंद पड़ी पानी की टंकी, टोंटियां भी गायब, पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे यात्री

देवास गेट बस स्टैंड पर कई समय से जल संकट की स्थिति है। इस कारण यात्रियों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर पेयजल व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को अपनी मोल खरीदकर ही अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई पानी की टंकी बंद पड़ी है। टोंटियां भी गायब हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए सुलभ कांप्लेक्स और पानी की टंकी बनाई गई थी। ताकि टंकी से यात्रियों को पानी की सुविधा मिली, लेकिन बाद में टंकी से पानी बंद हो गया। कहने को तो बस स्टैंड परिसर के चारों तरफ शहर की सबसे अधिक जलपान गृह हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि यहां यात्रियों को मुफ्त में पानी नसीब हो जाए। दुकानदार इस मौके का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। दुकानदार पानी की बोतल बेच रहे है। पेय जल सुविधा के अलावा बस स्टैंड पर और भी महत्तवपूर्ण सुविधाएं यात्रियों को नहीं मिल रहीं हैं।



# बसंत पंचमी पर महाकाल मंदिर से होली की शुरूआत

### पीले पुष्प, पंचामृत अभिषेक और गुलाल अर्पण के साथ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बसंत पंचमी पर्व की शुरूआत शुक्रवार को भगवान महाकाल के आंगन से हुई। महाकाल मंदिर में पीले वस्त्रों और पुष्पों के साथ भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। महाकाल मंदिर के आंगन से ही बसंत पंचमी पर्व पर गुलाल अर्पित कर होली पर्व की शुरूआत भी मानी जाती है। आज से प्रतिदिन होली तक भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।

बारह ज्योतिलिंगों में से एक विश्व-प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर तड़के चार बजे मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद भगवान महाकाल को जल से स्नान कराया गया। दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से बाबा महाकाल का अभिषेक-पूजन किया गया। इस दौरान भगवान को पीले पकवानों का भोग भी अर्पित किया गया।



बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान के मस्तक पर त्रिपुंड और चंद्र के साथ पुष्प अर्पित किए गए। भस्म आरती के दौरान महाकाल का भांग, चंदन, सिंदूर एवं आभूषणों से श्रृंगार किया गया।

मस्तक पर रत्नजड़ित तिलक, रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला एवं रजत जड़ी रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्पों की माला अर्पित की गई। फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया।

#### केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती से लेकर रात्रि में होने वाली शयन आरती तक, पांचों आरतियों में बसंत पंचमी पर्व का उत्साह देखने को मिलेगा। महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर भस्म आरती में भगवान महाकाल का केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक किया गया।

भगवान को सरसों के पीले फूल अर्पित किए गए। मंदिर की परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी से होली तक नित्य आरती में भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।

### बाजार में आयुर्वेदिक में स्वर्ण-रजत भस्म की औषधि महंगी हुई

# सोने-चांदी की महंगाई से दवा से लेकर मिठाई में तड़का लगा

### रजत-स्वर्ण बरक की मिठाईयों के दाम भी उछाल पर आए



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोने एवं चांदी के दामों में बेहिसाब बढोत्री ने आयुर्वेदिक दवाओं के साथ-साथ रजत एवं स्वर्ण बरक वाली मिठाईयों के दाम में भी तडका लगा दिया है। बाजार में इनके दामों में भी जमकर उछाल आ गया है। यहां तक की इन धातुओं से युक्त च्यवनप्राश भी महंगा हो गया है। बाजार में सोने-चांदी से युक्त औषधि एवं मिठाईयों में करीब 40 फीसदी से ज्यादा का उछाल बताया जा रहा है।इधर बाजार में ग्राहक गिरवी जेवर भी जमकर वापस लेने पहुंच रहे हैं।

सोने चांदी के दामों में बंपर उछाल के चलते अब बाजार में इससे जुडे तमाम व्यवसाय प्रभावित होने लगे हैं। आयुर्वेदिक औषधि में सोने एवं चांदी का उपयोग बहुतायत में किया जाता है। इसके चलते बाजार में धातुओं के दाम में बराबर उछाल के साथ आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली कंपनियों का माल बाजार में शार्ट तो हो ही रहा है । इसके साथ ही ये दवाएं बाजार में सिमित मात्रा में ही कंपनी भी दे रही है और स्टाकिस्ट के साथ ही विक्रेता भी उठाव के मान से ही अपने यहां रख रहे हैं। चांदी में बैक्टीरिया से लडने की क्षमता होती है। सोने और चांदी का आयुर्वेदिक और भस्म आधारित दवाओं में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।

#### गिरवी गहने छुडवाने पहुंच रहे ग्राहक

दामों में जबरदस्त उछाल के बाद से गिरवी गहने छुडवाने के मामले भी बराबर बढ रहे हैं। सराफा में गिरवी व्यवसायियों के यहां ऐसे ग्राहक पहुंच रहे हैं जो पिछले कई सालों से अपने गहने गिरवी रखकर नहीं लौट रहे थे। अब ऐसे कर्जदार अपने गहने छुडवाने पहुच रहे हैं एवं वर्तमान दाम के अनुसार अपने गिरवी जेवरों का मुल्यांकन करने की मांग कर रहे हैं। कई कर्जदार अपने जेवर कर्ज की राशि चुकता कर वापस ले रहे हैं। सराफा बाजा-र में सूद पर राशि देने वालों के यहां वर्तमान में ऐसे ग्राहकों की संख्या बढी हुई है।

#### 7 हजार उछले दाम

आयुर्वेदिक स्वर्ण भस्म दवा की कीमत एक साल में लगभग रूपए 7 हजार से अधिक बढी है। पूर्व में ये 19 हजार थी जो कि अब 26 हजार में मिल रही हैं। महंगाई की मार से शुगर की दवा और सर्दियों की संजीवनी च्यवनप्राश भी अच्छी खासी प्रभावित हुई है। शुगर की दवा वसंत कुसुमाकर रूपए एक हजार महंगी हुई है।

#### मिठाई में चांदी वर्क का बढ़ा दाम

चांदी के भाव में तेजी के साथ-साथ मिठाई कारोबारियों की लागत भी तेजी से बढ़ी है। एक साल पहले जिस मिठाई के एक पीस पर करीब 2-3 रुपए का चांदी वर्क लगता था। 5-6 रूपए तक पहुंच गया है। काजू कतली, बेसन चक्की, बंगाली मिठाइयों से लेकर खोया दिलखुश तक हर वह मिठाई, जिस पर चांदी की चमक होती है, अब महंगी हो रही है। चांदी का वर्क चांदी से बना बेहद पतला पर्ण होता है, जिसकी मोटाई कुछ माइक्रोमीटर तक होती है। चांदी को पीट-पीटकर इतनी पतली परत में बदला जाता है कि वह झिल्ली जैसी दिखने लगती है। यह इतना नाजुक होता है कि छूते ही टूट सकता है। इसे कागज की परतों के बीच सुरक्षित रखा जाता है और उपयोग से पहले निकाला जाता है। चांदी स्वादविहीन होती है और खाने योग्य मानी जाती है। इसी कारण इसे मिठाइयों पर सजावट के तौर पर लगाया जाता है जिससे मिठाई न सिर्फ सुंदर दिखती है, बल्कि पारंपरिक रूप से भी खास मानी जाती है।

### गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व सीएम शहर के उत्साह से भरपूर आयोजन में शामिल होंगे

# आवासीय विद्यालय में बच्चों से मिलेंगे, राहगिरी आनंद उत्सव में शामिल होंगे

### स्विमिंग पूल, क्लब हाउस, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित अन्य कई लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहर के उत्साह से भरपूर आयोजनों में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे शहर में खेल गतिविधियों की कई सौगातों का लोकार्पण कर आमजन के लिए सुविधाओं का द्वार खोलेंगे। सामाजिक रूप से वे पाटीदार समाज के प्रांतीय कार्यालय का भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री रविवार 25 जनवरी को उज्जैन में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोठी रोड स्थित राहगीरी आनंद उत्सव में सहभागिता करेंगे। इसके पश्चात शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय विद्यालय हामूखेड़ी में उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों से व्यक्तिगत भेंट और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद, पेंटिंग आदि का अवलोकन करेंगे। साथ ही समस्त बच्चों का उत्साहवर्धन कर उन्हें पुरस्कृत भी करेंगे।



#### हरिफाटक पुल चौड़ीकरण का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरिफाटक पुल टू लेन से चौड़ीकरण कर सिक्स लेन में परिवर्तित करने (राशि 371.11 करोड़ रुपए) के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। हरी फाटक चौराहे से महाकाल लोक तक अंडरपास के निर्माण कार्य (राशि 93 करोड़ रुपए) का भूमि पूजन और मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के विभिन्न निर्माण कार्यों (राशि 296.67 करोड़ रुपए) का भूमि पूजन भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम डेंडिया में होटल एवं रिसोर्ट का भी शुभारंभ करेंगे।

#### नया स्विमिंग पूल का लोकार्पण

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा आगर रोड स्थित अटल परिसर में निर्मित किए गए स्विमिंग पूल, क्लब हाउस और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे।

साथ ही नगर पालिका निगम द्वारा आगर रोड स्थित अटल परिसर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण भी करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव आरडी गारडी अस्पताल में नवनिर्मित ऑडिटोरियम सभागार और नाद ब्रह्मा कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम रत्नाखेड़ी में पाटीदार समाज के प्रांतीय कार्यालय का भूमि पूजन भी करेंगे।विद्या भारती भवन में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर अभियान का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया जाएगा।

## संभाग स्तरीय अधिवक्ता क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन

**उज्जैन।** प्रताप मेहता की स्मृति में संभाग स्तरीय अधिवक्ता क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एमआईटी स्टेडियम पर किया जाएगा। जिसमें 6 टीम भाग लेगी।

मीडिया प्रभारी अधिवक्ताने बताया कि प्रताप मेहता (पूर्व को चेयरमैन, बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया) की पुण्य स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज से किया जाएगा। इसमें संभाग की 6 टीम भाग लेगी, जिसमें 2 टीम उज्जैन जिले की रहेगी। इसमें उज्जैन संभाग की टीम जिसमें रतलाम, मंदसौर, नागदा, देवास और उज्जैन की टीम में शामिल होंगी।

## बसंत पंचमी पर सिंहपुरी के सरस्वती मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**उज्जैन।** बसंत पंचमी पर शुक्रवार को उज्जैन की सिंहपुरी गली पूरी तरह पीले रंग में रंगी नजर आई। सुबह से ही यहां स्थित करीब 500 साल पुराने माता सरस्वती मंदिर में बच्चों और उनके परिजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विद्यार्थी माता सरस्वती से बुद्धि, स्मरण शक्ति और सफलता का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

मंदिर परिसर में विद्यार्थियों के लिए विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती स्वयं विद्यार्थियों को ज्ञान का वरदान देती हैं। इसी विश्वास के साथ बच्चों ने माता की प्रतिमा पर स्याही चढ़ाई, अपनी कलम और किताबें अर्पित कीं।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | शनिवार 24 जनवरी, 2026 | www.awantika.com



# तराना में हालात तनावपूर्ण, बसों-दुकानों में लगाई आग

## दूसरे दिन दोपहर बाद पथराव, चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल तैनात, एसपी पहुंचे तराना, निकाला गया मार्च

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

तराना में गुरुवार शाम दो समुदाय के युवकों के बीच विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया था। जो दूसरे दिन शुक्रवार को भी बना रहा। दोपहर बाद कुछ लोगों ने 2 बस में आग लगा दी और दुकानों को आग के हवाले कर दिया वहीं दूसरे पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

शुक्ला गली में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री सोहिल ठाकुर और मिर्जा परिवार के नाबालिग के बीच मंदिर के पास खड़े रहने की बात पर गुरुवार शाम विवाद हुआ था, मिर्जा परिवार के लोगों ने सोहिल ठाकुर पर हमला कर दिया था। जिसके बाद तराना में विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया था। पुलिस ने सोहिल पर हमला करने वाले पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर स्थिति को नियंत्रण में लिया था। लेकिन दूसरे दिन शुक्रवार सुबह से ही हिंदू संगठन से जुड़े लोग थाने का घेराव कर आरोपियों का जुलूस निकालने और मकान तोड़ने की बात पर पड़े हुए थे। थाने के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन किया जाने लगा था। दोपहर बाद अचानक स्थिति फिर से बिगड़ गई गुरुवार रात हुई बसों में तोड़फोड़ के दौरान क्षतिग्रस्त बसों में आग लगा दी गई। यही नहीं कुछ दुकान को भी आग के हवाले कर दिया गया। कुछ देर बाद ही दूसरा पक्ष भी बाहर आ गया और पथराव शुरू कर दिया। हिंदुओं के धार्मिक स्थल में भी तोड़फोड़ की गई। हालात तनावपूर्ण होते ही पुलिस बल ने फिर से मोर्चा संभाल लिया। एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर, एसडीओपी भविष्य भास्कर पुलिस टीम के साथ हर गली मोहल्ले का भ्रमण कर नजर रखे हुए थे। पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार विवाद करने वालों को खदेड़ने के लिए दौड़ लग रहे थे।



### तोड़फोड़ में हुआ लाखों का नुकसान

गुरुवार रात बसों में हुई तोड़फोड़ और शुक्रवार को लगाई गई आज के बाद शेख यासीन ने बताया कि उनके और भाई की 12 बसों में हुई तोड़फोड़ से लाखों का नुकसान हुआ है। आपसी विवाद को धर्म से जोड़ दिया गया है। कई दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई है। हमारी क्या गलती थी जो बसों को नुकसान पहुंचाया गया। वहीं शहर काजी ने भी समाज जनों से शांति बनाए रखने की अपील की है और जो भी दोषी है उसके खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना

दुकान और बस में आग लगाई गई थी तत्काल फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है, दुकान में शॉर्ट सर्किट की बात सामने आ रही है। पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और शांति बनी हुई है।

**गुरुप्रसाद पाराशर, एएसपी**




### बाजार पूरी तरह बंद, 5 हिरासत में

गुरुवार शाम हुए विवाद के बाद बाजार बंद हो गया था जो शुक्रवार को भी पूरी तरह से बंद दिखाई दिया। लोग घरों में दिखाई दिए जिनके चेहरे पर दहशत भी नजर आ रही थी। सोहिल ठाकुर पर हमला करने वाले पांच लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली थी जिसमें सपान मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और एक नाबालिग शामिल था। एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही थी। घटना में घायल विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री सोहिल का उपचार उज्जैन में चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेला अधिकारी ने सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक




**उज्जैन।** गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में ओएसडी गोपाल डाड, डीआईजी नवनीत भसीन, अपर आयुक्त रत्नाकर झा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों द्वारा लोकनिर्माण विभाग, सेतु, पीआईयू, एमपीआरडीसी, एनएचएआई, नगर निगम, एमपीईबी के द्वारा सिंहस्थ के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण किया जाकर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। समस्त विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

### सिंहस्थ मेला अधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्मित किए जा रहे सेतुओं का स्थल निरीक्षण किया। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सेतु निर्माण कार्य समय सीमा में और निर्धारित मापदंड के अनुसार करें। जुलाई 2026 तक स्लैब का कार्य पूरा कर लिया जाएगा- ई.पंत निरीक्षण की शुरूआत मां गढ़कालिका से श्री काल भैरव मंदिर मार्ग पर निर्मित होने वाले समांतर पुल से हुई। पुल में 66 पाइल और 10 पियर रहेंगे। साथ ही पुल के दोनों और हाई मास्ट की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त सेतु पर खुदाई का कार्य दूसरी और भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण सेतु के ई ई पी एस पंत ने जानकारी दी कि उक्त सेतु में आगामी जुलाई 2026 तक स्लैब और फरवरी 2026 के अंत तक पाइल का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद भैरवगढ़ से पीपलीनाका मार्ग पर समांतर नवीन सेतु निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उक्त सेतु में 5 पियर रहेंगे। उक्त सेतु के पाइल का कार्य प्रगतिरत है। लोक निर्माण सेतु के अधिकारी ने जानकारी दी कि दिसंबर 2026 तक इस कार्य के पूर्ण होने की संभावना है। इसके पश्चात श्री सिद्धवट से श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर तक नवीन निर्मित होने वाले ब्रिज के कार्य का निरीक्षण कर सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि पाइल का कार्य जल्द शुरू किया जाए। यहां पर खुदाई का कार्य प्रगतिरत है।

### शोकसभा स्थल पर होगा आध्यात्मिक एलईडी स्लाइड शो

**उज्जैन।** चक्रतीर्थ शोकसभा स्थल पर अब एलईडी के माध्यम से आध्यात्मिक स्लाइड शो विथ साउंड सिस्टम का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही गीता के सार से जुड़े प्रेरक स्लोगन भी प्रदर्शित किए जाएंगे। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि चक्रतीर्थ पर आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा महापौर मद से लगभग 1 करोड़ रुपए के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूरे किए जा चुके हैं। 74 लाख रुपए से 80 मीटर लंबे विशेष डोम फैब्रिक शेड का निर्माण करवाया। वहीं 30 लाख से विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। महापौर टटवाल ने चक्रतीर्थ पहुंचकर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि अंत्येष्टि के पश्चात शोकसभा स्थल पर रंगाई-पुताई के साथ आध्यात्मिक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से चलित एलईडी स्क्रीन पर साउंड सिस्टम सहित स्लाइड शो प्रदर्शित किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए यहां 50 से अधिक स्टील कुर्सियां, उद्यान में नया फाउंटेन, वाटर कूलर, प्याऊ, स्नानघर एवं शौचालय की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। दाह संस्कार स्थल पर नई चद्दर शेड, ओटलों का निर्माण तथा चित्रकारी के माध्यम से यम, सुदर्शन चक्र, भगवान शंकर सहित स्वच्छता संदेशों की आकृतियां बनाई गई हैं। उपयंत्री प्रवीण वाडिया भी मौजूद रहे।




## न्यूज़-कॉलम



## विश्व हिन्दू परिषद के सामाजिक समरसता संत पदयात्रा का समापन

**बुरहानपुर।** विश्व हिन्दू परिषद ब्रह्मपुर के शाहपुर प्रखंड में सामाजिक समरसता आयाम तत्वावधान में आयोजित 'सामाजिक समरसता संत पदयात्रा' विगत दो दिनों से पूरे प्रखंड अंतर्गत 15 ग्रामों में भ्रमण कर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर समापन किया गया। इस पदयात्रा में पधारे महाराष्ट्र के महंत 108 श्री.श्री.जानकीवरदास जी महात्यागी महाराज व उदासीन आश्रम से श्री वासुदेवानंदजी गिरी महाराज ग्राम देव्हारी, संत पुष्पानंद महंत जी महाराज ब्रह्मपुर ने भाग लिया। इस दो दिवसीय यात्रा में संतो द्वारा दिये गये आशीर्वचन में समरसता की अपार अनुभूति का अहसास हुआ। सकल हिन्दू समाज कि और से संतो के प्रति नम्रतापूर्ण व्यवहार रूपी पुष्पों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला सामाजिक समरसता प्रमुख श्री भूषण जी पाटिल व नंदकिशोर ने आभार व्यक्त किया।

## नवलसिह सहकारी शक्कर कारखाने में श्रमिकों का आंदोलन




**बुरहानपुर।** नवलसिह सहकारी शक्कर कारखाने में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रबंधन पक्ष और श्रमिक संघों के बीच 15 अक्टूबर 2025 को एक सामान्य समझौता हुआ था। लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इस समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे श्रमिकों और कर्मचारियों में अत्यधिक रोष है। श्रमिक संघ ने औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन का सहारा लिया है। श्रमिकों का कहना है कि प्रबंधन पक्ष समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है, जिससे उनकी समस्याएं बढ़ गई हैं। इस बीच, श्रमिक संघ के नेताओं ने प्रबंधन पक्ष से समझौते का पालन करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर प्रबंधन पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे ख।

## विशिष्ट संस्थाओं में कक्षा 6टीं में प्रवेश हेतु आवेदन 19 फरवरी तक आमंत्रित

**बड़वानी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट संस्थाओं में कक्षा 6टीं में प्रवेश के लिए आवेदन 10 फरवरी तक आनलाईन आमंत्रित किये गये है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री जेएस डामोर से प्राप्त जानकारी अनुसार विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। प्रवेश हेतु परीक्षा 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 15 फरवरी से डाउनलोड किये जा सकते है।

## कृषक कल्याण वर्ष-2026 : प्राकृतिक खेती को मिल रहा बढ़ावा

**बुरहानपुर।** जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए शनवारा कृषि उपज मंडी में च्च्प्राकृतिक हाट बाजारज्ज का आयोजन किया जा रहा है। यह हाट बाजार प्रत्येक गुरुवार को आयोजित किया जाता है, जहां किसान अपने प्राकृतिक उत्पादों को बेच सकते हैं। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने प्राकृतिक हाट बाजार का अवलोकन किया और प्राकृतिक खेती से उत्पादित विभिन्न सब्जियों एवं उत्पादों की सराहना की। उन्होंने चने की दाल एवं केले की खरीदी की और अन्य अधिकारियों ने भी प्राकृतिक खेती से उत्पादित ताजी एवं रसायनमुक्त सब्जियों को खरीदा प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों ने बताया कि वे किस प्रकार बिना रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के, प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए खेती कर रहे हैं, जिससे उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक एवं सुरक्षित उत्पाद प्राप्त होते हैं। क्या आप प्राकृतिक खेती के बारे में और जानना चाहते हैं या इसके लिए कोई विशेष जानकारी चाहते हैं?

## नर्मदा पुराण के साथ हुआ प्रसादी भंडारा, सुंदरकांड पाठ आज



**बड़वानी।** मां नर्मदा जागीरदारपुरा नवीन घाट पर 108 श्रीरामदास त्यागी के सानिध्य में ३५ वां नर्मदा जन्मोत्सव मनाया जा रहा हैं। शनिवार को पंडित अंकित शर्मा (सिनखेड़ा-खरगोन) ने अपने मुखारविंद से नर्मदा पुराण कथा का रसपान कराया। पंडित शर्मा ने कहा कि मां नर्मदाएजीवन दायिनी है। जितनी भी छोटी नदी, नाले नर्मदा में मिल जाते है, तब भी वो पूजनीय हो जाती है। यह सत्संग का प्रभाव है। एक समय मां रेवा ही होगी, जो सबको जल उपलब्ध कराएगी। उन्होंने नर्मदा की शिव भक्ति समझाते हुएक हा कि जो जल नर्मदा में दिखता हैं, वो जल के रुप में शिव ही है। इसके बाद श्री 108 राम बाबा के सानिध्य में प्रसादी भंडारा हुआ। शनिवार दोपहर कथा उपरांत रात्रि 8 बजे से श्रीराम मित्र मंडल के तत्वावधान में सुंदरकांड होगा। इसमें ग्राम धनोरा के संकट मोचन रामायण मंडल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। समिति अध्यक्ष अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि 25 जनवरी को मां नर्मदा को 1101 मीटर चुनरी अर्पण की जाएगी। साथ ही दुग्धाभिषेक, महाआरती कर कन्या पूजन-भोज होगा। शाम को पालकी यात्रा व दीपदान होगा।

## गणतंत्र दिवस पर रोशनी करने के निर्देश

**बड़वानी।** राज्य शासन ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी 2026 को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये।

# नेपानगर नागरिक साख सहकारी संस्था में 8.85 करोड़ रुपये का घोटाला: जमाकर्ताओं को उम्मीद की किरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

नेपानगर नागरिक साख सहकारी संस्था में 8.85 करोड़ रुपये के घोटाले के बाद वर्षों से अपने ही पैसे के लिए भटक रहे जमाकर्ताओं को आखिरकार उम्मीद की किरण दिखी है। गुरुवार को नेपानगर पहुंची विधायक को विधायक मंजू राजेंद्र दादू के सामने जमाकर्ताओं ने खुलकर अपनी पीड़ा रखी।



विधायक ने भरोसा दिलाया कि बकायादारों से वसूली कर जमा राशि लौटाई जाएगी, भले ही इसमें 2 से 3 माह का समय लगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने संस्था से लोन लिया है और भुगतान नहीं कर रहे, उनसे सख्ती से वसूली कराई जाएगी।

गुरुवार को नेपा लिमिटेड गेस्ट हाउस में विधायक दादू ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कई जमाकर्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। जमाकर्ताओं ने बताया कि अधिक ब्याज का प्रलोभन देकर उनकी जीवनभर की जमा पूंजी यहां लगवाई गई थी। अब न ब्याज मिला, न मूलधन।

**पहले बिजली बिल घोटाला,** इस संस्था में पहले बिजली बिल घोटाला सामने आया था। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि मामला कहीं ज्यादा गंभीर है। तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर जांच में 8.85 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर हुआ। इसके बाद 16 संचालकों और प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज की गई। अब तक 14 संचालक गिरफ्तार हो चुके हैं, एक फरार है, जबकि प्रबंधक की मौत हो चुकी है।

## बसंत पंचमी पर्व खाटू श्याम मंदिर में मनाया

**आलोट।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्री खाटू श्याम मंदिर चौमहला मैं बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस दौरान सुबह बाबा का पंचामृत अभिषेक किया गया एवं बाबा का पीतांबरी वस्त्र बदल गया पीतांबरी वस्त्र जो कि वर्ष में केवल एक बार ही बसंत पंचमी के दिन बदल जाता है जो वर्ष भर बाबा से लिपटा रहता है जिसका वितरण मंदिर से किया जाता है हंसते हैं कि इस वस्त्र में बहुत ताकत होती है जिसे श्याम भक्त अपने घरों में ले जाते हैं इसके पश्चात बागा पहनाकर पीले फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं पीतांबरी वस्त्र का वितरण किया गया एवं 56 भोग लगाकर महा आरती की गई इस दौरान चौमहला एवं आसपास के शाम भक्तों के अलावा आलोट सुवासरा एवं अन्य जगहों से भी भक्त आए। इस अवसर पर बाबा के भजन भी भजन मंडली द्वारा गाए गए जिस पर श्याम भक्त झूम कर नाचे।



# अयोध्या में रामलला एवं स्नेह बालाजी नगर में शीतला माता मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ संगीतमय सुंदरकांड

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

शहर की सबसे खूबसूरत कॉलोनी स्नेह बालाजी नगर में श्रीराम लला एवं शीतला माता की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। समाज सेवी सुनील जैन ने बताया कि वर्षों बाद 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का विशाल मंदिर एवं स्नेह बालाजी नगर में शीतला माता मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर श्री रितेश गोयल ने बताया कि वर्षों के त्याग, तपस्या, बलिदान और संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। उसी ऐतिहासिक तिथि 22 जनवरी को ध्यान में रखते हुए स्नेह बालाजी नगर में शीतला माता मंदिर का निर्माण कर विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी, जिसके आज दो वर्ष पूर्ण हो गए हैं।



उन्होंने यह भी बताया कि देव संयोग से शीतला माता एवं श्रीराम लला की मूर्तियां एक ही प्रकार के पत्थर से निर्मित हैं, जिनमें सामान्य एवं सौम्य मुस्कान भक्तों को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती है।बालाजी ग्रुप के मुकेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भक्ति म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया, जिसमें मधुर भजनों और चौपाइयों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्नेह बालाजी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्थाएं अनुशासित एवं सराहनीय रहीं, जिससे यह कार्यक्रम एक यादगार धार्मिक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ।

# विधायक राजकुमार ने कंबल वितरित किए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

क्षेत्र के लोकप्रिय सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने मां नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा हेतु एक सराहनीय एवं संवेदनशील कार्य किया। विधायक मेव द्वारा मंडलेश्वर क्षेत्र में स्थित राधे राधे कुटी, रामजी कुटी, रंगधाम आश्रम, काशी विश्वनाथ मंदिर, टोकेश्वर मंदिर, आरती मंडल, मां नर्मदा आश्रय स्थल, गायत्री माता मंदिर, शिव धाम, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नर्मदा परिक्रमा वासियों के रात्रि विश्राम के लिए कुल 125 कंबल दान किए गए।इस सेवा कार्य का उद्देश्य नर्मदा परिक्रमा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को ठंड से राहत प्रदान करना एवं उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा है और परिक्रमा वासियों की सेवा करना मां नर्मदा की सच्ची आराधना है।उन्होंने कहा कि आश्रमों में ठहरने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भविष्य में भी निरंतर सेवा कार्य किए जाते रहेंगे। विधायक मेव के इस सेवा भाव की आश्रम प्रबंधकों, आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी एवं पार्षद नितिन पाटीदार, रोहित केवट सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, आश्रम प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक द्वारा किया गया यह सेवा कार्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सार्वजनिक पंगति कार्यक्रम में भेदभाव का आरोप, अभा बलाई महासंघ ने एसपी से की शिकायत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले के ग्राम ग्राम केली में एक अनुसूचित जाति समाज के परिवार के साथ सार्वजनिक भोजन कार्यक्रम (पंगति) में जातिगत भेदभाव का मामला सामने आया है। महिला के साथ गांव के ही दंपत्ति सहित अन्य लोगों द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार से पीड़ित सहित समाज में आक्रोश व्याप्त है।

अभा बलाई महासंघ के पदाधिकारियों ने मामला संज्ञान में आने के बाद पीड़ित महिला के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। वरिष्ठ समाज सेवी रामेश्वर खांडे, प्रदेश महामंत्री विजय सोनारे, जिला अध्यक्ष सुभाष खांडे, जिला मिडिया प्रभारी जितेंद्र आर्य आदि ने एएसपी बिट्टू सहगल से मुलाकात कर बताया कि गांव को एक दंपत्ति ने भोजन के लिए ग्रामीणजनां के साथ बैठी महिला को जातिगत शब्दों का उपयोग करते हुए अपमानित किया, जिससे समाज में



आक्रोश के साथ ही इस घटना से सामाजिक भेदभाव किए जाने से दुखी भी है। इस मामले में ऊन थाने पर भी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने इस गंभीर मामले में कोई एक्शन नही लिया। एएसपी ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला सोशल मिडिया प्रभारी राहुल भालसे, जिला उपाध्यक्ष विजय सागोरे, तहसील अध्यक्ष मुकेश रोकड़े, नगर अध्यक्ष सोनू ढाले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में शहर के 5 खिलाड़ी मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69 राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता जो रांची झारखंड में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित होना है। जिसमें बड़वानी शहर के 5हॉकी खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं एक खिलाड़ी छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी ।

हाकी कोच श्री मुकेश राठौर ने बताया कि मध्य प्रदेश की हॉकी टीम मे विजय सूलिया जो कि पीएमश्री खेल परिसर बड़वानी का छात्र है, भवानी बामनिया शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वानी की छात्रा है, स्नेहा दावदे एवं शिवानी छोटू वर्तमान में राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में अभ्यास करते हैं गुरविंदर सिंह नर्मदा कान्वेंट स्कूल बड़वानी के छात्र है, मनप्रीत कौर जोकी रायपुर महिला हॉकी अकादमी में अभ्यासरत है, जो छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेगी । वर्तमान में खिलाड़ीयों का कैंप भोपाल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम मे चल रहा है जहां वे मध्य प्रदेश हाँकी टीम का हिस्सा बनेगे मध्य प्रदेश हॉकी टीम 25 जनवरी को रांची झारखंड के लिए रवाना होंगी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर लोकसभा सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी साथ ही सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जेएस डामोर संस्था प्राचार्य करुणा बेस, मुस्तकीम खान, श्रीराम यादव, खेल अधिकारी संतरा नीमामा, कीड़ा प्रभारी मुकेश मालवीय, कोच एस्टर सेंगर, रामजय चौहान जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल एवं समस्त खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अभ्युदय एवं संकल्प से समाधान कार्यक्रम अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

बुरहानपुर जिले के खकनार ब्लॉक के नेपानगर सेक्टर मे नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नेपानगर के डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौराहे स्थित भवन में आज ग्रामोदय से अभ्युदय एवं संकल्प से समाधान कार्यक्रम अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनीष कुवादे ने समिति सदस्यों को ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी अपने गांव एवं शहर को आदर्श गांव व शहर के रूप मे विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, उर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, और स्वच्छता अभियान मे टीम वर्क के रूप मे कार्य करेंगे तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान ने समिति सदस्यों को छोटे छोटे टास्क लेकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया आपने कहा की बडे बडे काम लेकर निराश होने से अच्छा है छोटे छोटे कार्य कर एक बड़ा कारवा तैयार करे। नवांकुर संस्था के प्रमुख हरीश शिंदे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियां ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में गतिविधियों का संपादन करने हेतु सज्ज हे। इस दौरान श्रद्धा बुध विहार समिति के सचिव रविन्द्र मसाने, कोषाध्यक्ष भीमराव वानखेड़े, महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम बाई इंगले, परामर्शदाता सोनल मालवीया, इलियास सर, संस्था के राजेन्द्र मसाने, शीला बाई मोरे, लीला बाई ढीवरे, विमल बाई वानखेड़े, पुष्पा बाई उमाले, इंदु बाई मसाने, कविता बाई तायडे, अनुराग कोचूरे, संकेत वानखेड़े सहित बड़ी संख्या में बीएसडब्ल्यू छात्र छात्राएं सहित ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितितो के सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्थानीय अवकाश घोषित किए

**खण्डवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले की विभिन्न तहसीलों के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी आदेश अनुसार 19 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर जिले की सभी तहसीलों में स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अलावा 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा के अवसर पर खण्डवा, छैगाँवमाखन, पुनासा, मूंदी, हरसूद तथा किल्लौद तहसील क्षेत्र में अवकाश रहेगा। जबकि 17 अगस्त को नागपंचमी के अवसर पर केवल पंधाना तहसील क्षेत्र में तथा 11 सितम्बर को पोला अमावस्या के दिन केवल खालवा तहसील क्षेत्र में स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अलावा 22 सितम्बर को डोल ग्यारस के अवसर पर हरसूद, किल्लौद एवं खालवा तहसील क्षेत्र में, तथा 25 सितम्बर को अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर खण्डवा, छैगाँवमाखन, पुनासा, मूंदी एवं पंधाना तहसील क्षेत्र के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। ये स्थानीय अवकाश बैंक एवं कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।


**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/04/2026 दिनांक 19.01.2026

| सं.नं. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 31 | ट्रफ के साथ रूफ माउंटेड एयर कंडीशनिंग सिस्टम | 99 सेट | 23-फरवरी-26 |
| 32 | WAP7/WAG9 लोको के नोज सस्पेंशन ड्राइव (MSU ट्यूब) के लिए लेबिरिंथ रिंग का सेट | 134 सेट | 23-फरवरी-26 |
| 33 | ग्लार्गिन इंसुलिन 100iu प्रति mi 3mi कार्ट्रिज (प्रति 30 कार्ट्रिज पर एक पेन डिवाइस मुफ्त दिया जाएगा) | 37755 नग | 18-फरवरी-26 |
| 34 | केबल के साथ जम्पर प्लग असेंबली | 2534 नग | 17-फरवरी-26 |
| 35 | ड्रग एल्यूटिंग कोरोनरी स्टेंट सिस्टम- कोबाल्ट क्रोमियम | 200 नग | 16-फरवरी-26 |
| 36 | एंड फ्रेम नॉन ड्राइविंग एंड असेंबली (मशीन से बना) | 63 नग | 16-फरवरी-26 |
| 37 | मेटैलिक थ्रेडेड जॉइंट्स के लिए सीलिंग मटीरियल (सीलिंग कॉर्ड) | 6042 नग | 12-फरवरी-26 |
| 38 | रियोस्टैटिक ब्रेकिंग रेसिस्टर | 40 सेट | 12-फरवरी-26 |
| 39 | रूफ माउंटेड.ष्ट पैकेज यूनिट (क्ररूक्क) | 40 सेट | 11-फरवरी-26 |

**शुद्धि पत्र**

कृपया टेंडर नोटिस नंबर S-69-2025 दिनांक 21.11.2025 के लिए सीरियल नंबर 732 पर देय तिथि को "27.01.2026" पढ़ें।
कृपया टेंडर नोटिस नंबर S-73-2025 दिनांक 15.12.2025 के लिए सीरियल नंबर 782 पर देय तिथि को "29.01.2026" पढ़ें।
कृपया टेंडर नोटिस नंबर S-73-2025 दिनांक 15.12.2025 के लिए सीरियल नंबर 784 पर देय तिथि को "21.01.2026" पढ़ें।
कृपया टेंडर नोटिस नंबर S-75-2025 दिनांकः 24.12.2025 के लिए सीरियल नंबर 813 पर देय तिथि को "03.02.2026" और मात्रा को "548 नग" पढ़ें।
विस्तृत नोटिस EMD खरीद प्रतिबंध और विस्तृत टेंडर शर्तों के बारे में जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 1031
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फालो करें: X.com/WesternRly


# बसंत पंचमी पर मां नर्मदा महापुराण का भव्य समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण की

## मां नर्मदा जी के हजारों भक्तों ने भंडारे मे प्रसादी ग्रहण किया

**मंडलेश्वर।** मां नर्मदा जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित मां नर्मदा महापुराण कथा का बसंत पंचमी के शुभ दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने सहभागिता कर मां नर्मदा महापुराण की पवित्र कथा का श्रवण किया।

कथा के दौरान मां नर्मदा की महिमा, उनके उद्गम, नर्मदा परिक्रमा के महत्व और भक्तों पर बरसने वाली उनकी कृपा का सुंदर वर्णन किया गया। कथा स्थल पर पूरे आयोजन काल में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन नजर आए और मां नर्मदा के जयकारों "नर्मदे हर" से पूरा परिसर गूंज उठा।समापन दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मां नर्मदा महापुराण आयोजन समिति " आप और हम " ने मां नर्मदा महापुराण आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोग करने वाले लोगों का पुष्पमाला और गमछा से स्वागत किया ऐसे सेवाभावी कार्यकताओं ने पूरे समापन कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। श्रद्धालुओं में कहा कि मां नर्मदा महापुराण कथा से उन्हें आध्यात्मिक शांति और नई ऊर्जा मिली है। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हुए इस समापन ने आयोजन को और भी विशेष और यादगार बना दिया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती नसीम खान श्री फिरोज खान पता-50/2 जूनी रिसाला इन्दौर पिन- 1000838537 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- राजेश पिता कन्हैयालाल करवड क्रेता- अतुल पिता अनिल रावत वार्ड क्रं. 34 पता- 1299 सेक्टर-ए-2 स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन- 1000989611 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**


**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-सुरेश कुमार भाटिया पिता स्व.श्री नोन्दराम भाटिया क्रेता- श्रीमती कुलवंत कौर गील पति स्व.श्री सुरजीतसिंह गील पता- फ्लेट नं. 201 गोल्डर टावर 15-16 शंकर नगर इन्दौर पिन- 1001046550 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# जागने का समय क्या सोचे तू बाबरी चालाजात बसंत



यह जीवन वसंत ऋतु है और तुम सोए-सोए बिताए दे रहे हो! वसंत आ गया, फूल खिल गए हैं, पक्षी गीत गा रहे हैं, मोर नाच रहे हैं, सारा जगत उल्लास से भरा है और तुम सोए-सोए बिता दोगे? तुम मूर्च्छित ही बने रहोगे? तुम कैसे पागल हो! जागने की घड़ी आ गई, वसंत द्वार थपथपा रहा है। सब तरफ राग-रंग है। सब तरफ प्रभु की वर्षा है। सूरज निकल आया, किरणों का जाल फैल गया। तुम कैसे पागल हो कि अभी भी सोए हो! फिर कब जागोगे तुम?

क्या सोवै तू बावरी, चाला जात वसंत।/ चाला जात वसंत, कंत ना घर में आए। प्यारे को तूने खोजा ही नहीं। प्यारे को घर भी नहीं बुलाया। प्यारे को पाती भी न लिखी, निमंत्रण भी नहीं भेजा और वसंत के जाने के क्षण करीब आने लगे। यह जीवन अभी है, अभी खो जाएगा। यह सदा नहीं रहेगा। जीवन आता है, चला जाता है। यह क्षणभंगुर है। इसे प्रभु की पुकार बना लो। अगर यह प्रभु की पुकार बन जाए और प्रभु की तरफ यात्रा शुरू हो जाए, तो तुम ऐसे वसंत में पहुंच जाओगे, जो आता है, फिर जाता नहीं। वहां सनातन के फूल खिलते हैं। एस धम्मो सनंतनो! जिसको बुद्ध कहते हैं, शाश्वत, सनातन, जो कभी नहीं मुरझाता।

इस निश्चित समय के जगत में, समय की व्यवस्था में, जो भी पैदा होता है, मर जाता है। वसंत आया भी नहीं कि उसके जाने की तैयारी शुरू हो जाती है। सुबह हुई और सांझ होने लगी। जन्म हुआ और मृत्यु होने लगी। मिले नहीं कि बिछुड़ने की घड़ी आने लगी। इस वसंत के द्वार जरा-सी देर के लिए खुलते हैं, लेकिन इस द्वार का जो सदुपयोग कर ले, वह परम वसंत को उपलब्ध हो जाए। अभी प्रेमी के बिना ही तुझे रहना पड़ रहा है। स्वामी से मिलन ही न हुआ। मालिक से कोई संबंध ही न जुड़ा। साहिब को कब पुकारोगे? उसी परम प्यारे के मिल जाने पर तृप्ति है। यहां भी तुम खोज तो उसी को रहे हो। कभी सोचा है, किसे खोजते हो? यह किसकी खोज चल रही है- पति में, पत्नी में, बेटे में, बेटी में, मित्रों-परिजनों में, किसकी खोज चल रही है? तुमने यह भी नहीं सोचा, कभी इसकी जांच-परख भी नहीं की कि हर बार खोज व्यर्थ हो जाती है। हर बार विषाद हाथ लगता है, विफलता लगती है।

पत्नी में खोजो, पति में खोजो- तुम जिसे खोज रहे हो, वह इतना बड़ा है कि कोई उसे तुम्हें न दे पाएगा और तब तुम अंततः नाराज होओगे गरीब पत्नी पर, पति पर। उसका कोई कुसूर नहीं। तुम्हारी मांग बड़ी थी। घड़े में सागर खोजने चले थे, तो इसमें घड़े का क्या कुसूर? पति में परमात्मा को खोजने चले थे। नहीं मिला पति में, तो क्या कुसूर पति का? वसंत बीत रहा और तुम समझ ही नहीं रहे, तुम्हारी आकांक्षा परमात्मा को खोजने की है।



**सम्पादकीय**

## ट्रंप के नरम तेवर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड की ओर बढ़ते आक्रामक कदमों को कुछ पीछे खींचकर दुनिया में फौरी राहत का संचार किया है, जो स्वागतयोग्य है। उन्होंने अपना एक कदम पीछे खींचते हुए कहा है कि वह ग्रीनलैंड के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगे। दूसरा कदम पीछे खींचते हुए कहा है कि वह फिलहाल आठ यूरोपीय देशों पर टैरिफ नहीं लगाएंगे। ऐसा लगता है, नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ ट्रंप की मुलाकात के बाद यह बदलाव संभव हुआ है। आगे भविष्य की रूपरेखा तय करने के लिए एक समझौते पर बात होगी। नाटो महासचिव ने अगर ट्रंप को आक्रामकता त्यागने के लिए मनाया है, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। ट्रंप जिस दिशा में बढ़ते दिख रहे थे, उससे पूरी दुनिया में चिंता फैल रही थी। अब कम से कम कुछ समय के लिए या ट्रंप के अगले किसी फैसले तक राहत की सांस ली जा सकती है। ट्रंप ने यह जो किया है, वह नया नहीं है। दो कदम आगे और दो कदम पीछे खींचते हुए उन्होंने पूरी विश्व व्यवस्था का असंतुलन बढ़ा रखा है।

फिलहाल ग्रीनलैंड मामले पर फौरी राहत मिली है, मगर ट्रंप के इरादे नहीं बदले हैं। वह आगे होने वाली बातचीत को अमेरिका के मुताबिक आगे बढ़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। बातचीत आगे बढ़ेगी, पर ताकत आजमाने का विकल्प भी खुला रहेगा। मतलब कदम आगे-पीछे करते रहने की रणनीति जारी रहेगी। ट्रंप को यह बात समझनी चाहिए कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा अनुचित है। इस अनुचित को उचित बनाने की कोशिश में दुनिया में एक बड़े युद्ध की आशंका है। युद्ध हुआ, तो न नाटो का कोई अर्थ रह जाएगा और न संयुक्त राष्ट्र की कोई उपयोगिता। कई देश अपनी सीमा विस्तार के लिए युद्ध के मैदान में उतर आएंगे। खैर, ग्रीनलैंड में आगे बातचीत से समाधान निकालने के लिए ट्रंप ने अपने उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को जिम्मेदारी सौंपी है। जो शुरूआती खबरें आ रही हैं, उनसे लगता है कि नाटो और अमेरिका मिलकर ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डे बनाएंगे। इसके लिए डेनमार्क से बातचीत होगी। संभव है, इसके लिए डेनमार्क तैयार भी हो जाए। अगर अमेरिका ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डे बनाकर मान जाता है, तब भी कुल मिलाकर अच्छी बात होगी, तनाव और युद्ध टल जाएगा। हालांकि, यह सवाल निरंतर बना रहेगा कि ट्रंप क्या चाहते हैं? अगर वह शांति चाहेंगे, तो वह अवश्य संभव होगी। पिछले दिनों उन्होंने नोबेल न मिलने की निराशा के साथ अपनी आक्रामकता को जोड़ा था, उसे देखते हुए उनके बारे में कुछ भी यकीन से कहना मुश्किल है। ट्रंप अमेरिकी वर्चस्व को बढ़ाने के लिए लालायित हैं।

**सेवा पक्ष का धर्म**

# सेवा का पर्याय बना है, उज्जैन का स्वामीनारायण आश्रम



वड़ताल धाम से संचालित उज्जैन का स्वामिनारायण आश्रम शिप्रा तट त्रिवेणी पर स्थित है । महंत स्वामी आनंदजीवन दास के मार्गदर्शन में इस आश्रम ने सेवा के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर के आगे लेकोडा ग्राम की रास्ते में स्थित एस जी एम एल आंखों का अस्पताल उज्जैन के स्वामीनारायण आश्रम के महंत श्री आनंदजीवन दास के मार्गदर्शन में संचालित है। शिवलाल मोतीलाल आई हॉस्पिटल में प्रतिदिन 60 से 70 मरीजों की आंखों का इलाज होता है। लगभग 10 ऑपरेशन अस्पताल में रोजाना होते हैं। वड़ताल धाम से 2013 में महंत स्वामी आनंद जीवन दास को आश्रम की स्थापना हेतु उज्जैन भेजा गया था। 2016 में उन्होंने उज्जैन के आसपास के ग्रामीण इलाकों में सर्वे करवाया तो पाया की आंखों के मरीजों की संख्या यहां बहुतायत है। उन्होंने 2017 से आंखों के इलाज की स्थाई व्यवस्था के लिए आंखों के अस्पताल का निर्माण प्रारंभ कर दिया। 25 जनवरी 2021 को एसजीएमएल आई हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। समाज सेवा में लीन उज्जैन का स्वामीनारायण आश्रम प्रतिवर्ष बसंत पंचमी पर 21 कन्याओं का विवाह भी अपने आश्रम में कर रहा है। आज बसंत पंचमी पर यह पांचवा आयोजन शिप्रा तट स्थित आश्रम में होने जा रहा है। मानव विपत्ति कोरोना कल में उज्जैन के पुलिस महकमें और कोरोना बीमारी का इलाज कर रहे डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों को आश्रम ने शुद्ध भोजन पैकेट प्रदान कर सेवा का रिकॉर्ड बनाया था। महंत स्वामी आनंदजीवन दास के मार्गदर्शन में स्वामी नारायण आश्रम उज्जैन द्वारा कुक्षी में 20 करोड रुपए की लागत से मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है।



डॉ. जफर मेहमूद



स्वामीनारायण संप्रदाय भारत के प्रमुख वैष्णव संप्रदायों में से एक है, जिसकी स्थापना भगवान स्वामीनारायण (सहजानन्द स्वामी) ने की थी। यह संप्रदाय भगवद्भक्ति, नैतिक जीवन, सेवा और समाज सुधार के आदर्शों पर आधारित है।

भगवान स्वामीनारायण का जन्म 3 अप्रैल 1781 को उत्तर प्रदेश के छपैया (जनपद गोण्डा) में घनश्याम पांडे के रूप में हुआ।बाल्यावस्था से ही उनमें धार्मिकता, ज्ञान और करुणा के गुण स्पष्ट दिखाई देते थे।11 वर्ष की आयु में उन्होंने घर छोड़कर सात वर्षों तक भारतवर्ष का तीर्थाटन किया – हिमालय से दक्षिण भारत तक – और अंततः गुजरात पहुँचे।

गुजरात में उन्होंने रामानंद स्वामी से दीक्षा ली और नया नाम प्राप्त किया झ सहजानन्द स्वामी।रामानंद स्वामी के निधन के बाद उन्होंने सन 1801 ई. में स्वामीनारायण संप्रदाय की स्थापना की। उन्होंने स्वामीनारायण नाम से भगवान के दिव्य नाम-जप का प्रचार किया। उनका उद्देश्य था

ईश्वर की भक्ति के साथ नैतिक, संयमित और सेवा-प्रधान जीवन जीना।ह्रप्रमुख शिक्षाएँ एकेश्वरवाद और भगवान श्रीकृष्ण को सर्वोच्च ईश्वर के रूप में मानना।चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास के धर्मों का पालन।अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, चोरी न करना और नशे से दूर रहना । ये पाँच प्रमुख व्रत।

स्त्री-पुरुष दोनों के लिए समान भक्ति मार्ग। समाज सेवा, शिक्षा और नैतिक जीवन का प्रचार। स्वामीनारायण ने अहमदाबाद, भावनगर, वडताल, जुनेद्रा, भुज आदि स्थानों पर भव्य मंदिरों का निर्माण कराया। उन्होंने स्त्रियों की सुरक्षा, शिक्षा, जाति-भेद का विरोध, और सत्य, संयम व दान का प्रचार किया। उन्होंने शिक्षापत्री नामक ग्रंथ लिखा, जिसमें अनुयायियों के जीवन के लिए आचार-संहिता दी गई है। शिक्षापत्री नैतिक आचरण का संहिता ग्रंथ। वचनामृत उनके उपदेशों का संग्रह, जिसे उनके शिष्यों ने संकलित किया। इनके अलावा भक्तों द्वारा रचित अनेक भक्ति ग्रंथ और कीर्तन संग्रह भी प्रसिद्ध हैं। स्वामीनारायण ने अपने शिष्यों में से दो को आचार्य नियुक्त किया ।अहमदाबाद गादी और वडताल गादी,जिससे संप्रदाय की परंपरा व्यवस्थित रूप से चलती रही है। वर्तमान में यह संप्रदाय विश्वभर में फैला हुआ है। बहुचरवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामी नारायण संस्था(बीएपीएस) इसका एक प्रसिद्ध आधुनिक संगठन है, जिसने अक्षरधाम मंदिर दिल्ली व गांधीनगर जैसे अद्भुत केंद्र स्थापित किए हैं। स्वामीनारायण दर्शन का मूल भाव है भक्ति में ज्ञान और कर्म का समन्वय।भगवान की कृपा से आत्मा को शुद्ध कर परम शांति और आनंद प्राप्त करना।

## एक अधजले फुटनोट की वसीयत

देखिए साहब, इस नश्वर संसार में दो ही चीजें 'आउट ऑफ सिलेबस' होती हैं– एक चुनाव जीतने के बाद नेता के वादे और दूसरी पुस्तक मेले में विमोचित हुई वे किताबें जिनका वजन लेखक के विवेक से कहीं अधिक होता है। जब मैं पहली बार 'विश्व पुस्तक मेले' के उस वातानुकूलित पांडाल में, किसी सजी-धजी लावारिस लाश की तरह स्टाल पर प्रदर्शित की गई थी, तो मुझे मुगालता था कि साक्षात सरस्वती का अवतरण हो गया है। उस मेले की चकाचौंध ऐसी थी, मानो किसी बूढ़े और नपुंसक दूल्हे की शादी में बाराती जबरन भांग पीकर नाच रहे हों। लेखक महोदय मुझे अपनी छाती से ऐसे चिपकाए घूम रहे थे, जैसे कोई नया-नया बना बाप अपने पहले बच्चे को मुहल्ले भर में दिखाता फिरता है, जबकि बच्चा शकल से बिल्कुल पड़ोसी पर गया हो। वे हर गुजरते आदमी को ऐसे देखते थे, जैसे वह कोई पाठक नहीं, बल्कि उनकी 'अमरता' की रसीद काटने वाला मुंशी हो। उनके होठों पर लगी वह कृत्रिम और प्लास्टिक जैसी मुस्कान, और आँखों में 'बुकर प्राइज' का वह मोतियाबिंद जैसा सपना, दरअसल एक साहित्यिक 'भ्रष्टाचार' था। मेले में मुझे थामने वाले हाथ ऐसे थे, जैसे किसी सरकारी अस्पताल में मुफ़्त की दवाई लेने के लिए कतार में खड़े हताश मरीजों के हाथ हों। लेखक जी मुझे ऐसे सहलाते थे जैसे कोई भ्रष्ट थानेदार अपनी नयी-नवेली रिश्वत की गड्डी को सहलाता है। उनके हर स्पर्श में एक अजीब सी 'रॉयल्टी' वाली हवस थी, जबकि मैं जानती थी कि मेरी किस्मत में केवल धूल और उपेक्षा का 'अकाल' लिखा है। विमोचन के समय जो तालियाँ बजीं, वे दरअसल मेरे ताबूत में ठोंकी गई पहली कुछ कीलें थीं, जिनका शोर हॉल की दीवारों में ऐसे गूँज रहा था जैसे किसी खण्डहर में उल्लू बोल रहे हों। लेखक महोदय फोटो खिंचवाते समय अपनी गर्दन ऐसी टेढ़ी कर रहे थे, मानो सारी दुनिया का ज्ञान उनकी ग्रीवा में ही सिमट आया हो, जबकि सच्चाई यह थी कि उनकी बुद्धि और मेरी प्रासंगिकता, दोनों ही मेले के गेट पर बिकने वाली चाट की पत्तलों के बराबर थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 जनवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:13 सूर्यास्त 18:05
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - षष्ठी 24:40 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 14:16 उपरांत रेवती
योग - शिव 14:01 उपरांत सिद्ध
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 04 तारिख

**मेष-** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क-** विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए।

**कन्या-** खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा।

**धनु-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**मकर-** धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**कुंभ-** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी।


**मीन-** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## श्री धर्मपाल प्रवृत्ति एक आह्वान

श्रीअ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की स्थापना सम्यक ज्ञान-दर्शन चारित्र की आराधना के उद्देश्य से की गई इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए संघ ने सम्पूर्ण देश में अपके सदस्यों को प्रेरित कर अनेकानेक सद्प्रवृतियों का शुभारंभ किया इन्हीं पूर्व नियोजित प्रवृत्तियों में से एक प्रवृत्ति थी धर्मपाल प्रवृत्ति जिसे हुक्मशासन के अष्टम पट्टधर आचार्य नानालाल म सा की प्रेरणा से संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित किया गया जो वर्तमान आचार्य रामलाल म सा के शासन में भी संचालित है। राष्ट्र उत्थान के उद्देश्य से यह प्रवृत्ति पिछेड़ हुए वर्ग को व्यसनमुक्त, शिक्षित व संस्कारीत करके उनकी सामाजिक स्थिति को समुन्नत बनाने का एक महान प्रवर्तनकारी कार्य वर्तमान में यह साधुमार्ग की संस्था कर रही है। समाज उन्नति एवं राष्ट्र जागृतिमूलक इस प्रकृति का श्री गणेश भारत के हृदयस्थल मालवा क्षेत्र के बलाई समाज के लिए चैत्र शुक्ला 10 दिनांक 23 मार्च 1964 को ग्राम गुराडिया (नागदा जंक्शन) में जिनशासन प्रद्योतक, समता दर्शन प्रणेता, बाल ब्रह्मचारी , चारित्र चूड़ामणी परम पूज्य आचार्य नानालाल म.सा. के वन प्रेरक उपदेशों से इस प्रवृत्ति का बीजारोपण हुआ। आचार्य पद ग्रहण करने के पश्चात रतलाम में हुए प्रथम चातुर्मास की समाप्ति के उपरान्त मालवा क्षेत्र में मन्दसौर जावरा, रतलाम, धार, इंदौर देवास, उज्जैन शाजापुर आदि लगभग 400 मिल भू भाग पर विहार विचरण हुआ इन क्षेत्रों में अन्य अनेक जातियों के साथ बलाई जाती भी भी बड़ी संख्या में निवास करती है। इस जाति में मालवी और गुजराती दो प्रकार के बलाई समाज है। ये लोग अपनी जाति हिनता के कारण अत्यन्त दुःखी थे समाज के लोग अशिक्षित दुर्व्यसनी आदि थे उनके साथ छुआ छूत का व्यवहार होता था का इनमें से कुछ लोग आचार्य श्री के अमृतवचनो का पान करने के लिए प्रवचन में आने जाने लगे। वहीं से इनके जीवन में परिवर्तन का चिन्तन प्रारम्भ हो गया कि हमें भी इन जातिगत भेदभाव और कुरीतियों से ऊपर उठना चाहिए प्रेरक एवं मार्गदर्शक व्याख्यानों से अभिभूत होकर कई बलाई समाजजन गुरुदेव के श्री चरणों में अपने समाजोत्थान के संकल्प के साथ पहुंचे नाना गुरु ने उस दिन धर्मनाथ भगवान की प्रार्थना से व्याख्यान प्रारंभ करते हुवे सभी बलाई समाजजनों को अहिंसमार्ग एवं व्यसनमुक्ति के पथ पर चलने का संकल्प दिलवाकर धर्मपाल की उपाधि प्रदान की इस श्रेष्ठ उपनाम को बलाई समाजजनों ने न सिर्फ अपनाया बल्कि अपने जीवन में आत्मसात करते हुवे एक शिक्षित सभ्य अहिंसक और व्यसन मुक्त जीवन को अपने आचरण में उतारकर अपना जीवन सार्थक किया है। आज बलाई समाज के उक्त लोग जो वर्तमान में धर्मपाल बनकर व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर और अनेक सरकारी नौकरी आदि में पहुंचकर अपने जीवन को सफल बना लिया हे और आज पंच सरपंच विधायक आदि पदों पर भी शोभायमान हे आगे चलकर संघ ने भी धर्मपाल समाज के बारे में चिंता कर डॉ. मदनलाल बोरदिया के सानिध्य में स्वास्थ परीक्षण शिविर, शिक्षा हेतु स्कूल, पाठशाला एवं रतलाम के दिलीप नगर में छात्रावास आदि का प्रबंध किया एवं धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए उन जातियों के निवास स्थल के आसपास अनेक समता भवनों का निर्माण संघ द्वारा करवाया गया उस समय बलाई समाज के प्रमुखों में सर्व श्री सीताराम, धूल जो भाई, बगदीराम धमनार, नरसिंह जी लामगरा, मोहन की राठौड़ नारायणखेड़ी हीरालाल मक्सी,मोतीलाल जी देवीलाल गुराडिया आदि समय समय पर आचार्य श्री का मार्गदर्शन प्राप्त करते रहे उक्त धर्मपाल प्रवृत्ति के आंदोलन में जो कर्णधार रहे हे वे हे साधुमार्गी संघ के वरिष्ठ गणपतराज बोहरा, समाज सेवी मानव मुनि, गोकुलचंद सूर्या, पूनमचंद चोपड़ा, भंवरलाल कोठारी, हीरालाल नांदेचा, कन्हैयालाल मेहता, सरदारमल कांकरिया, चंपालाल पिरोदिया, मनोहरलाल जैन, मगनलाल मेहता, मदनलाल कटारिया, धीरज मूणत, श्रेणिक कुमार, गुमानमल चोरड़िया, राजमल चोरड़िया, बाबूलाल सेठिया, समीरमल कांठेड़, सोहनलाल भटेवरा आदि अनेकानेक साधुमार्ग सदस्यों ने समय समय पर उक्त धर्मपाल प्रवृत्ति को आगे बढ़ाने हेतु अपना सतत योगदान प्रदान किया।



मनोहरलाल जैना
(दैनिक अवन्तिका)

# शराब और सिगरेट का सेवन नहीं करने पर भी कैंसर



घटनाक्रम को गौर से पढ़े और विचार कीजिए कि आप कहां भुल कर रहे हो एक 36 वर्षीय पुरुष को केन्सर हुआ था जो लास्ट स्टेज पर था। अपनी अब तक की उम्र में इन्होने कभी भी गुटका, सिगरेट और पान व शराब का सेवन नहीं किया था। समय पर काम पर जाना, परिवार के साथ खुश रहना, उसका जीवन था, ना कोई बीमारी थी ना ही कोई चिन्ता। सिर्फ 2/3 दिन से पेट में दर्द शुरू होने के कारण डॉ. से सम्पर्क कर इलाज शुरू किया, परन्तु कोई फायदा ना होने के कारण बड़े डॉ. से मिले। वहां के डॉ. ने उनकी सभी रिपोर्ट निकलवाई तो पता चला कि पेट के आंतड़ियों में केन्सर हुआ है।

डॉ. द्वारा इलाज की शुरूआत हुई, इलाज के दौरान पूरी जमा पूंजी के साथ घर-बार भी बिक गया, परन्तु परिणाम स्वरूप उनकी मौत हो गई। डॉ. ने परिवार से इनका अग्नि संस्कार ना करके, मानव सेवार्थ बोडी पर रिर्सच करने हेतु हॉस्पीटल में डोनेट करने की सलाह दी। परिवार में आपसी मंथन के बाद बॉडी को हॉस्पीटल में रिर्सच करने हेतु, डोनेट करने का निर्णय लेते हुए बॉडी को हॉस्पीटल में डोनेट की।

रिर्सच के बाद पता चला कि प्लास्टिक में गरम खाना व प्लास्टिक की बॉटल में पानी पीने से, उसमें से निकलने वाले केमिकल के कारण इन्हें केन्सर हुआ था। तब डॉ. द्वारा परिवार व साथियों से सम्पर्क कर उनके खान-पान के बारे में जांच की, तो इस जांच से पता चला कि उन्हें चाय पीने की आदत थी। वे दिन में पाँच से छः कप चाय पीते थे। यह भी पता चला कि जहाँ से चाय पीते थे वहाँ प्लास्टिक की थैली में चाय आती थी और प्लास्टिक के कप में चाय दी जाती थी।

अक्सर देखा गया है लोग प्लास्टिक की थैलियों में दुकान से गरम चाय गरम सब्जी या अन्य समान मंगवाते हैं और वो ही खा लेते हैं या पी लेते हैं। वो ही धीरे धीरे आपके शरीर में कैन्सर बनाता है।

तब डॉ. द्वारा उनके साथ काम करने वाले साथियों का भी मेडिकल टेस्ट कराया तो पता चला कि उसके कई साथियों को कैन्सर का असर है। तब डॉ. ने उन्हें कैन्सर के इलाज की सलाह दी। हम सोचते हैं कि सरकार इतनी खराब वस्तु जो कि स्वास्थ्य के साथ- साथ, पर्यावरण के लिए भी खतरनाक ही नहीं घातक है, उसके निर्माण करने की इजाजत कैसे दे देती है।

सरकार प्लास्टिक का उपयोग ना करने के प्रचार पर भी करोडों रू खर्च कर हमें समझाती है, परन्तु हम भी कहाँ समझते हैं। हम स्वंय भी तो अपना व अपने चाहने वालों को मौत की ओर ढकेलने का कार्य निर्भीक होकर कर रहे हैं, ना अपनी और ना ही परिवार की हमें चिन्ता है, बस मौत के गले लगाने के लिए फैशन की अंधी दौड में भाग रहे हैं। अतः आप सभी से पुनः नम्र निवेदन है कि प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें, जहाँ तक हो सके प्लास्टिक के बर्तन में गरम खाना ना खायें, प्लास्टिक की बॉटल में पानी का उपयोग ना करें। विशेषकर गर्म चाय-कॉफी प्लास्टिक कप में ना पियें।

**आर के गोयल सर्राफ**
**सचिव, कैंसर एंड हार्ट केयर एसोसिएशन, गाजियाबाद**

**धर्म-आस्था**

# गंगा में स्नान से एवं नर्मदा के दर्शन मात्र से पापमुक्ति

हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ माह में शुक्ल पक्ष की सप्तमी को नर्मदा जयंती के रूप में मनाने की परंपरा है, इसी दिन माँ नर्मदा का अवतरण हुआ था। पौराणिक मतानुसार नर्मदा का धार्मिक महत्व गंगा से कमतर कतई नहीं है। क्योंकि गंगा में स्नान करने से पाप मुक्ति होती है परंतु नर्मदा के दर्शन मात्र से पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिये इसे दक्षिण गंगा कहा जाता है। स्कन्द पुराण के अवन्ती खंड में नर्मदा महात्म्य का वर्णन है। म प्र, गुजरात और महाराष्ट्र तीन प्रांतों के रह वासियों की प्यास बुझाने का गौरव प्राप्त, शिव तनया मां नर्मदा सदियों से उत्तर और दक्षिण भारत के बीच की सीमा रेखा है। अपने उद्गम अमरकंटक से आरंभ नर्मदा की यात्रा गुजरात के खंभात की खाड़ी में मिलने के साथ पूर्ण होती है। इस संपूर्ण प्रवाह पथ का कोई भाग कभी जल से रिक्त नहीं रहा। जरा मुक्त कई कल्पों तक अपने अस्तित्व को कायम रखने वाली चिरयुवा पूर्व से पश्चिम की और प्रवाह मान मां नर्मदा का प्रवाह मार्ग सत्पुड़ा और विंध्याचल पर्वत मालाओं के मध्य होने से इसे कहीं कहीं रेवा भी कहा गया है।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

नर्मदा यद्यपि भौगोलिक रूप से भारतवर्ष को उत्तर एवं दक्षिण दो भागों में विभाजित करती हे तथापि सांस्कृतिक रूप से उत्तर एवं दक्षिण की दो भिन्न संस्कृतियों को जोड़ने की यह जीवंत कड़ी भी हे। नर्मदा के इस महत्व को समझते हुए उत्तर एवं दक्षिण भारत में सांस्कृतिक ऐक्य स्थापना के महा अभियान का प्रारम्भ आदि शंकराचार्य ने पुण्यभूमि काशी में अपने प्रथम आगमन पर गंगा किनारे मां नर्मदा की स्तुति, स्वरचित नर्मदाष्टकम् के गायन "त्वदीय पादपङ्कजं नमामि देवि नर्मदे।" द्वारा किया था और यह काशी वासियों के विस्मय का कारण बना था क्योंकि उस युग में अखंड भारत की सांस्कृतिक राजधानी होने के साथ काशी सनातन धर्म का केंद्र थी जहां के विद्वान आचार्यों द्वारा दी गई धार्मिक व्यवस्था सम्पूर्ण भारत भूमि पर मान्य हुआ करती थी। ऐसी पावन भूमि पर पवित्र भागीरथी के तीर पर नर्मदा की स्तुति उनके लिये नया अनुभव था। परंतु वास्तव में इस स्तुति द्वारा आदि शंकराचार्य ने हिमालय से हिंद महासागर तक विस्तीर्ण भारत भूमि पर धार्मिक क्रांति का वह शंखनाद किया था जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष की अनेकता में एकता का संदेश था। बौद्ध सनातन संघर्ष में क्षीण हो रहे सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के शंकराचार्य के सफल महा यज्ञ में नर्मदाष्टकम् का अहम स्थान है। धार्मिक क्रांति के इस अनुष्ठान में मण्डन मिश्र एवं शंकराचार्य का वह इतिहास प्रसिद्ध शास्त्रार्थ भी अपने पावन पुलिन पर होने का गौरव नर्मदा को प्राप्त हे जिसमें शंकराचार्य के अद्वैतवाद को विद्वानों ने सर्व सम्मति से मान्यता दी थी। शंकराचार्य ने जीवन में पहली बार स्त्री से शास्त्रार्थ भी विदुषी देवी उभय भारती से नर्मदा तट पर ही किया था।



भगवान शिव के आशीर्वाद से जब नर्मदा का नदी रूप में अवतरण हुआ तब भगवान विष्णु ने वरदान दिया "नर्मदे त्वें माहभागा सर्व पापहरि भव। त्वदत्सु याः शिलाः सर्वा शिव कल्पा भवन्तु ताः।" अर्थात तुम सर्व पाप हारिणी होकर तुम्हारे जल के पत्थर शिव-तुल्य पूजे जाएंगे। इस वरदान को पुराणों के उस संदर्भ से जोड़ कर देखें जिसमें नर्मदा के तटवर्ती क्षेत्रों में करोड़ों तीर्थ का उल्लेख है। तो पुराण कार का आशय समझा जा सकता है, कि नर्मदा के जल से निरंतर अभिषिक्त करोड़ों पत्थर शिव तुल्य होकर तीर्थ की भांति पूजनीय है। इसलिये यह विश्व की एक मात्र नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। इसके प्राचीन स्वरूप के स्थायित्व एवं पवित्रता की रक्षा के लिये इसके तटवर्ती वन क्षेत्र स्थित प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन पर प्रतिबंध के साथ इसमें मिल रहे शहरी एवं रासायनिक अपशिष्टों पर रोक अत्यावश्यक है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,52,200, रवा- 1,52,000 चांदी- टंच- 3,10,000 पाट- 3,09,000।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## लटूरी गहलोत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

**सुसनेर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लटूरी गहलोत में आगामी 27 जनवरी से 2 फरवरी तक संत शिरोमणि कमल किशोर नागर के दिव्य सान्निध्य में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। इस पावन धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है। गुरुवार को सुसनेर विधायक भेरो सिंह बापू ने कथा स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुजन बिना किसी असुविधा के भक्ति भाव से कथा श्रवण कर सकें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक भेरो सिंह बापू ने कहा कि समस्त विधानसभा वासियों के लिए यह अत्यंत गौरव, सौभाग्य और आध्यात्मिक उल्लास का विषय है कि उन्हें परम पूज्य संत कमल किशोर नागर के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा के अमृत वचनों का श्रवण करने का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कथा में सहभागिता करने की अपील की। यह भव्य आयोजन क्षेत्र में धर्म, संस्कार, सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना के नवसंचार का सशक्त माध्यम बनेगा तथा जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगा।

## विधायक की सचेतता, दयालुता एवं परोपकारिता के कारण छात्र की जान बची



**खाचरौद।** शा.उ.मा.वि.घिनोदा में अध्ययनरत छात्र सुनील पिता नागेश्वर गोयल निवासी ग्राम फर्नाखेड़ी है जिसका विगत दिनों विद्यालय से छुट्टी के पश्चात घर जाते समय ट्राले की टक्कर होने से छात्र दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया। छात्र को तुरंत जनसेवा नागदा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार शुरू हुआ। विद्यालय परिवार के शिक्षकों द्वारा विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान को तत्काल अवगत कराया गया जिस पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेकर जनसेवा नागदा में स्वयं उपस्थित होकर छात्र का प्राथमिक उपचार करवाया गया तथा परिवार को 20000 की वित्तीय सहायता नगद रुप में दी गयी तथा डाक्टर के परामर्श के आधार पर छात्र को बाम्बे हास्पिटल इंदौर तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाकर उपचार हेतु भेजा गया। जिसमें विधायक जी द्वारा छात्र के उपचार की मुख्यमंत्री सहायता कोष से 2 लाख 50 हजार की सहायता राशि मंजूद करवाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया। विधायक की इस सहायता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जुगल किशोर शर्मा, जनशिक्षक सुभाष सेठिया, कमल सिंह कुम्भावत, अवधेश सोनी, प्रकाश पाटीदार, अमित बाघ, दीप्ति बैरागी, कविता कक्कड़, सुनिता चौरसिया, मनीषा पांचाल,कपिल गौतम, विशाल चतुर्वेदी एवं छात्र के परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

## विशाल हिंदू सम्मेलन की शोभा यात्रा में विजयवर्गीय परिवार द्वारा उत्कृष्ट जल सेवा

**सारंगपुर।** जल सेवा से बडी और कोई सेवा नहीं है, सूखे कंठ को केवल शुद्ध जल ही तृप्त कर सकता है, ऐसी ही सद्भावना को लेकर गुरुवार कोहिंदू विशाल सम्मेलन की शोभा यात्रा में स्थानीय बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं, पुरुष मातृशक्ति एवं बच्चों को समाजसेवी मंगला संजय विजयवर्गीय के नेतृत्व में महिला मित्र मंडल द्वारा उत्कृष्ट जल सेवाएं दी गई। इस अवसर पर ज्योति विजयवर्गीय, योगिता सोनी, लता सोनी, डॉ उमा सिंह, मीना गुप्ता, प्रेमलता राठौर, मधुबाला विश्वकर्मा, गीता बाई वर्मा , पिंकी सोनी, मेघा जायसवाल, वर्षा एनी, आदि मात्र शक्तियों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए जल सेवाएं दी गई।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध दिवस आयोजित किया

**खाचरोद।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का कार्यक्रम मनाया गया ,जिसमे अनेक शिक्षकों ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथि द्वारा माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया द्वारा कि गई कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप मे शिक्षक संघ के समर्थ भारत आयाम के प्रांत प्रमुख राजेन्द्र रावल तथा मुख्य अतिथि के रूप मे सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजनन्दन कुमावत ने शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कर्तव्य के प्रति सजग रहने की बात कही। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष सुनील सोनावा, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष सेठिया ,तहसील अध्यक्ष भागीरथ नंदेड़ा ,विकासखण्ड अध्यक्ष दीपक घोचा अवधेश सोनी आदि अनेक शिक्षक सहभागी हुए।

# ट्रक चालक ने रची किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी 48 घंटे में खुलासा, 54 लाख का ट्रक व मसूर जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर में मसूर से भरे ट्रक के गायब होने के मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे में सनसनीखेज खुलासा करते हुए किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रचने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 37 लाख रुपए कीमत का ट्रक और 17 लाख रुपए की मसूर जप्त की है। आरोपित को टोंक जिले (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। गुरुवार शाम 5 बजे मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाडा ने बताया कि विगत 15 जनवरी को फरियादी व्यापारी महेश पिता स्व. शिवनारायण राठौर निवासी सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह कृषि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। 8 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहनसिंह सोलंकी के साथ 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) ट्रक क्रमांक आरजे 08 जीए 6989 में लोड कर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी नलखेडा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। निर्धारित समय पर ट्रक दिल्ली नहीं पहुंचा और चालक का मोबाइल भी बंद आने लगा। दो दिन बाद चालक का फोन आया, जिसमें उसने हरियाणा के नूंह जिले में केएमपी हाईवे पर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने और ट्रक लूट लेने की कहानी सुनाई। चालक ने बताया कि उसे करीब 36 घंटे बाद होश आया और वह जयपुर के पास चंदवाजी में पडा मिला। चालक की कहानी पर संदेह होने पर व्यापारी ने थाना सारंगपुर में शिकायत दर्ज कराई और चालक पर अमानत में खयानत का शक जताया। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर हरियाणा व राजस्थान में जांच शुरू की। जांच के दौरान सारंगपुर से हरियाणा तक लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और टोल प्लाजा रिकॉर्ड चेक किए गए। तकनीकी विश्लेषण और सख्त पूछताछ के बाद आरोपी चालक देवराज पिता मोहनलाल गुर्जर (32 वर्ष), निवासी माताजी का थांवला, थाना नसीरदा, जिला टोंक (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने माल हडपने की बात कबूल की। आरोपी की निशानदेही पर 230 क्विंटल मसूर (380 बोरी) एवं 12 चक्का ट्रक, कुल मशरूका 54 लाख रुपए बरामद किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आकांक्षा हाडा, उपनिरीक्षक दीपक परमार, उपनिरीक्षक अमित त्यागी, सहायक उपनिरीक्षक आनंदीलाल, प्रधान आरक्षक मोहम्मद इरशाद खान सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि व्यापारियों के साथ आर्थिक व साइबर धोखाधडी पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**बोले जिम्मेदारी**

ट्रक चोरी के मामले में ट्रक चालक किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रची थी। 48 घंटे में खुलासा हमने खुलासा कर 54 लाख का ट्रक व मसूर जप्त की है। जांच के दौरान सारंगपुर से हरियाणा तक लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और टोल प्लाजा रिकॉर्ड चेक किए गए। तकनीकी विश्लेषण और सख्त पूछताछ के बाद आरोपी का गिरफ्तार किया गया है।

**अरविंद सिंह**
**एसडीओपी सारंगपुर**

### व्यापारियों ने किया मंत्री का सम्मान

सारंगपुर में मसूर से भरे ट्रक के गायब होने के मामले में अंतर्राज्यीय प्रकरण होने पर सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने हरियाणा एवं राजस्थान सरकार से सहयोग लिया, जिसके बाद यह सफलता मिली। इसके लिए गुरुवार को राज्यमंत्री के सेवा सदन पहुंचकर व्यापारियों ने मंत्री का सम्मान किया। सम्मान करने वालो में मोहन सिंह सोलंकी, अखिलेश राठौर, ओम प्रकाश साहू, नंदकिशोर राठझैर, राजेश जैन, दीपक प्रजापति, सुमित राठौर, आदर्श राठौर, आयुष राठौर आदि शामिल थे।

# पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड के स्टोर के उद्घाटन में 450 किसानों ने की भागीदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



उन्हेल नागदा रोड लाल घाटी उन्हेल में पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड के नवीन स्टोर का शुभारंभ कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट जे एल शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। स्टोर का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को कृषि में उच्चतम उत्पादन हेतु आवश्यक कृषि रसायन, कार्बनिक उर्वरक, जैव उत्प्रेरक वृद्धि उत्तेजक एवं उन्नत बीज जैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद किफायती दामों पर उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन अवसर पर कंपनी अधिकारियों ने बताया कि पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड किसानों को आधुनिक एवं प्रभावी कृषि समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर किसानों से अधिक से अधिक संख्या में स्टोर पर पहुँचकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। समारोह में उन्हेल शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 450 किसानों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम सफल रहा, आयोजन के लिए किसान भाइयों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी अवधेश कुमावत, योगेंद्र सिंह, दीपक सिंह राजपूत, नागेश्वर चौधरी, मनोहर कुमावत, प्रभात जैना (सी ए) और कृषि अधिकारी गजेंद्र पाल एवं श्री मातादीन रावत, गणेश शर्मा , नाजु कहार ने किसानों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी एवं कंपनी के अधिकारियों एवं सीनियर वाइस प्रेसीडेंट के द्वारा दी गई जिसमें बताया गया कि उन्हेल के अलावा मध्यप्रदेश के अन्य सात शहरों उन्हेल , मन्दसौर, नरसिंहपुर, सनावद, पचोर, शाजापुर, भीकन गांव में भी आज पुष्कल आउटलेट का शुभारंभ हुआ जिसमें किसानों को कम कीमत पर बेहतरीन क्वालिटी प्रोडक्ट दिया जाएगा तथा कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा किसानों की फसल का निरीक्षण करके सलाह तथा समाधान करेंगे ,जिसमें किसानों को कम लगत में ज्यादा उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी यह पुष्कल आउटलेट किसानों की समृद्धि के लिए किसानों की सेवा में सदैव समर्पित रहेगा, पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड उन्हेल द्वारा कार्यक्रम में पधारे किसानों का आभार व्यक्त किया।

## डिजिटल डिटॉक्स पर कार्यशाला का आयोजन

**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में सोशल मीडिया की लत और स्क्रीन टाइम का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता डॉ. रीना अध्वर्यु ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा की स्मार्टफोन का उपयोग सूचना के लिए करें मनोरंजन की लत के लिए नहीं। लगातार रील और नोटिफिकेशन के फेर में फंसकर हमारा मस्तिष्क डोपामिन के चक्र में उलझ जाता है। जिससे एकाग्रता में कमी और अनिद्रा जैसी समस्याएं पैदा होती है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल डिटॉक्स की सलाह देते हुए कहा कि प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे बिना फोन के बताएं और सोने से एक घंटा पहले मोबाइल का त्याग करें ताकि मानसिक शांति बनी रहे ' कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए डॉ. जाकिर उद्दीन अहिंगर ने कहा कि सोशल मीडिया की लत एक साइलेंट किलर की तरह है जो हमारे सामाजिक संबंधों को खत्म कर रही है। इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार माहौर, डॉ. प्रज्ञा शर्मा, डॉ. घनश्याम सिंह, श्री राम हरसोरा, सुश्री आयुषी नेहे, डॉ. शालिनी विजयवर्गीय, श्रीमती मोनिका बैरागी, श्रीमती राधा वर्मा, डॉ. नानूराम मुवेल, डॉ. सपना पटेल, श्रीमती हूमेरा खान सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांटाफोड़ थाने से भागे चोरी के दो संदेही सतवास पुलिस ने 7 घंटे बाद खेत से पकड़ा- एएसपी बोली चूक की जांच होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



देवास जिले के कांटाफोड़ थाने में गुरुवार सुबह पुलिस हिरासत से दो संदिग्ध युवक अचानक फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को सतवास थाना क्षेत्र से दोबारा पकड़ लिया है। पकड़े गए युवकों के नाम नंदलाल मीणा (20) और रोहन बिजैरिया (20) हैं, जो जानसूर गांव के रहने वाले हैं।

### पानी पीने के बहाने पुलिस को दिया चकमा

एडिशनल एसपी सौम्या जैन ने बताया कि क्षेत्र के एक गणेश मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्हें थाने लाया गया था। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे दोनों ने पानी पीने और वॉशरूम जाने की बात कही। पुलिसकर्मियों की नजर बचते ही दोनों युवक मौका पाकर थाना परिसर से बाहर निकल गए और भाग निकले।

### सतवास पुलिस ने पकड़ा

दोनों के थाने से भागने के 4 घंटे बाद कांटाफोड़ टीआई ने इनके फोटो सोशल मीडिया पर जारी किए और जनता से सूचना देने की अपील की। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखने और इनाम देने का वादा भी किया गया। इसके बाद दोपहर करीब 3:30 बजे सतवास पुलिस ने दोनों युवकों को डाबरी गांव के एक खेत से घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस हिरासत से भागने की इस घटना ने थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में एडिशनल एसपी सौम्या जैन ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता फरार युवकों को जल्द से जल्द पकड़ना था, जिसमें पुलिस सफल रही। अब इस बात की बारीकी से जांच की जाएगी कि सुरक्षा में चूक कहां हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिलहाल दोनों युवकों को वापस थाने लाकर चोरी के मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है।

## राम मंदिर स्थापना के दो वर्ष पूर्ण, चौक बाजार में प्रभात फेरियों का समागम

**महिद्पुर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में लगातार प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। नगर की पांच बस्तियों से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरियों का गुरुवार को चौक बाजार में समागम के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर श्री रणजीत हनुमान जी की विधिवत आरती पंडित सत्यनारायण रावल ने की , जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को हलवा प्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही भक्तों के लिए पोहा स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। प्रभात फेरी प्रमुख सदस्यों का सम्मान भी किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर की पांच अलग-अलग पांचो बस्तियों से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। कड़ाके की सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन फेरियों में शामिल होकर राम नाम का जाप करते हुए नगर भ्रमण कर रहे थे। पूरे आयोजन के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### कार बाइक में टक्कर, युवक की मौत

## दो पहिया वाहन कार से टकराकर दीवार में घुसा, स्कूल के सामने हादसा



**देवास।** विजयागंज मंडी रोड पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। शिशु मंदिर स्कूल के सामने हुए इस हादसे में टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर स्कूल की दीवार में जा घुसी। मृतक की पहचान भेसूनी निवासी मुकेश पिता देवीसिंह शर्मा के रूप में हुई है। हादसे के बाद मृतक युवक का पोस्टमार्टम उज्जैन के शासकीय अस्पताल में किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय सड़क पर आवाजाही थी और टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण विजयागंज मंडी रोड संकरी हो गई है, जिससे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है और हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

## मंडूक पुष्कर के पास मेडिकल वेस्ट फेंकने पर दृष्टि आई केयर सेंटर पर कार्रवाई



**देवास।** देवास में मंडूक पुष्कर के पास मेडिकल वेस्ट फेंके जाने के मामले में नगर निगम ने दृष्टि आई केयर सेंटर पर चालानी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई नजदीकी रहवासियों की शिकायत के बाद की गई। गुरुवार को शिकायत मिलने के तुरंत बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। हालांकि, दृष्टि आई केयर सेंटर प्रबंधन ने मेडिकल वेस्ट फेंकने से इनकार किया, लेकिन निगम अधिकारियों ने मौके पर मिली स्थिति और जांच के आधार पर कचरा फेंकने की पुष्टि की। इसके बाद नगर निगम ने नियमानुसार संबंधित संस्था पर चालानी कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा केवल कचरा वाहनों में ही डालें।

## सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला शाखा राजगढ़ के बैनर तले सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर राजगढ़ को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सोपा गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से सहमति की बाध्यता समाप्त करने, पेंशनरों की स्वीकृत डीए, डीआर प्रदान की जाए, 65 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए, मृत्यु उपरांत एक्सग्रेसिया 50 हजार रुपये प्रदान किया जाए, छठवें वेतनमान का 32 माह का एरियर का भुगतान किया जाए सातवें वेतनमान के 27 माह की एरियर का भुगतान किया जाए, आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए शिक्षकों को चतुर्थ वेतनमान और अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ दिया जाए, जिला कौशल से डिजिटल कार्ड बनाने के आदेश प्रदान किया जाए उक्त मांगों की समस्याओं के निराकरण नहीं किया गया तो आक्रोशित पेंशनर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी भूरिया, कमल उर्फ भेरू पिता श्री जयराम माली, निवासी-15/63 जूना सोमवारिया, वीर दुगार्दास मार्ग, उज्जैन (म. प्र.) एवं परिवार के अन्य सदस्यो के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-747/2/1 (S) रकबा 0.01 हेक्टर, 748/1 (S) रकबा 0.3660 हेक्टर, 749/1 (S)रकबा 0.1990 हेक्टर, 749/2/1 (र) रकबा 0.1050 हेक्टर, 750 (S) रकबा 0.5950 हेक्टर एवं 751 (S) रकबा 0.2190 हेक्टर कुल किता 06 कुल रकबा 1.4940 हेक्टर ग्राम कस्बा उज्जैन, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण मेसे 0.2620 हेक्टर का सौदा मेरे पक्षकार ने भूरिया, कमल उर्फ भेरू पिता श्री जयराम माली से पूर्व में कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। मेरे पक्षकार द्वारा सौदा उपरांत भूमि स्वामी से विक्रय पत्र पंजीयन हेतु कई बार संपर्क किया किन्तु भूमि स्वामी द्वारा टाल-टूल, आना-कानी की जा रही है और अब तो संपर्क भी नही कर रहे है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सुत्रो से ज्ञात हुआ है कि भूमि स्वामी उक्त कृषि भूमि को लालचवश अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के प्रयास में है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय करने का प्रयास न करे, अन्यथा ऐसा किया गया सौदा मेरे पक्षकार के साथ पूर्व में किये गये सौदे के समक्ष गलत व शून्य होगा, जिसका एकमेव दायित्व संबंधीत स्वय का रहेगा क्योकि भूमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के साथ किया गया सौदा वर्तमान प्रभावशील है। सूचित हो।

इति दिनांक-23.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती रचना उर्फ रंजना पति श्री अशोक, पुत्री श्री भगवानसिंह, निवासी-19 बजरंग नगर, लसुडिया मोरी, इन्दौर (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-1126 (S) रकबा 0.5400 हेक्टर ग्राम तुमडावदा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई-पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-23.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता आयुष यादव पिता महेश यादव जाति आहिर निवासी ग्राम भांग्या तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. / कृषक ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 120/1/1 रकबा 0.2100 हे., भूमि सर्वे क्र. 120/2/1 रकबा 1.6000 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 1.8100 हे. ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो । दिनांक : 23/01/2026

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीनी श्रीमती कशिश वासवानी पति श्री सुनील वासवानी निवासी 159, संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 49 का उत्तरी भाग वर्तमान म्यु-क्रमांक 49/1 जो कि शुभम परिसर शास्त्री नगर के पास उज्जैन में अंदर कि ओर स्थित है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 54.00 वर्गमीटर है, जो दो मंजिला निर्मित हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का अनुबंध किया है। जिसके पूर्व में कॉलोनी का रोड, पश्चिम में भवन क्रमांक 59 का भाग, उत्तर में : भवन क्रमांक 50, दक्षिण में:- भवन क्रमांक 49 का शेष भाग है। उक्त संपत्ति के क्रय अनुबंधपत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि का भुगतान कर करवा लिया गया है। उक्त संपत्ति पर वर्तमान में PNB HOUSING FINANCE LTD. के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक/शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण/भार/बोझा/हक /हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी। यह सूचित हो।

इति दिनांक 23-01-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

## न्यूज-कॉलम

### श्रीमती शांति देवी नागर की देह पंचतत्व में विलीन



**पिपलिया मंडी।** समीप गांव बालागुढ़ा निवासी श्रीमती शांति देवी नागर पति स्व.वैद्य भागीरथ जी नागर उम्र 90 वर्ष का 19 जनवरी को स्वर्गवास हो गया। जिनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं गांव वालों ने भाग लेकर अंतिम बिदाई दी। अंत्येष्टि संस्कार में पुत्र डा.हरिओम नागर,डा.हनुमान नागर पौत्र नवीन, विनोद राघव ने पं शीवनाराण नागर के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार से मुखाग्नि दी।इस अवसर पर नागर समाज/न्यास के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, सचिव सतीश नागर,गली वाले शीवजी पाटीदार, जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार, दिनेश पाटीदार, पूर्व सरपंच अमृतराज पाटीदार, सरपंच प्रकाश पाटीदार, रमेश पाटीदार सहित कई गणमान्य नागरिक ने शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पीत करी।

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा स्थित पद्मिनी विहार कॉलोनी के एक मकान में २२ वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कारूण्य पिता प्रमोद पालीवाल निवासी नंदावता के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रकरण में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु धुंधड़का के सामुदायिक केन्द्र भेजा गया। जहां पर शुक्रवार की सुबह पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि घटना के समय मृतक घर पर अकेला था। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### ग्रीड बालाजी मंदिर परिसर में कल आयोजित होगा हिन्दू सम्मेलन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा एवं सभापति प्रतिनिधि गोवर्धन योगी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि ग्रीड बालाजी मंदिर परिसर में कल 25 जनवरी रविवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्री सोनगरा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ ले।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप मे मनाई

**पिपलियामंडी।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई! आज प्रातः काल से ही भैया बहिनों के अंदर इस कार्यक्रम को लेकर अपार उत्साह देखा गया! इस अवसर पर एक विशाल पथ संचलन निकाला! पथ संचलन विद्यालय से टिलाखेड़ा, मनासा रोड, गांधी चौराहा, अग्रवाल मोहल्ला, सब्जी मंडी, शिक्षक कॉलोनी होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचा! जहां राष्ट्रगान के साथ पथ संचलन का समापन हुआ! इस अवसर पर छोटे-छोटे भैया बहिनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत माता, झांसी की रानी, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव आदि महापुरुषों का रूप धारण कर समाज को एक अच्छा संदेश दिया!भैया बहिनों की संयुक्त घोष टोली के साथ यह संचालन निकला! पथ संचलन मे पुरे समय पुलिस प्रशासन की टीम की सक्रियता रही, प्राचार्य प्रधानाचार्य प्रकाश धाकड़ द्वारा पूरी पुलिस टीम का अभिवादन कर सधन्यवाद देकर आगे भी इस प्रकार का सहयोग प्राप्त हो ऐसा आश्वासन दिया।

### माँ सरस्वती की आराधना के साथ बसंत पंचमी मनाई

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की आराधना के पावन पर्व बसंत पंचमी को श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# हम सबका दायित्व नगर को गौरव शाली बनाए-मंत्री काश्यप

## स्थापना दिवस पर जय रतलाम उद्घोष के साथ निकली रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम





रतलाम का स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर शुक्रवार को शहर में धूमधाम से मनाया। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आतिश बाजी कर मिठाई बांटी। शहर में जय रतलाम उद्घोष के साथ वाहन रैली निकाली, सभी ने एक-दूसरे को रतलाम के स्थापना दिवस की बधाई दी।

समिति ने रतलाम के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए। आखरी दिन बसंत पंचमी पर रतलाम नगर निगम तिराहे स्थित रतलाम की स्थापना करने वाले महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा के पास कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहे। समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा समेत सभी पदाधिकारियों के साथ महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर निगम पार्षद, शहर के आमजन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंत्री काश्यप ने कहा कि रतलाम लगातार आगे बढ़ रहा है। हमें ओर विकास की गाथाएं लिखना है। है। हम पार्षद, एल्डरमैन, एमआईसी सदस्य बने है तो कही ना कही यह दायित्व हमारा भी बनता है कि हम अपने नगर को कैसे आगे बढ़ाए। हमारे मन में चिंतन होना चाहिए। राजा महाराजों ने नगरों को बसाया है। लेकिन आज के समय काल में यह दायित्व हम सब व आपके ऊपर है कि अपने शहर को कैसे गौरव शाली नगर बनाए। सभी अपना दायित्व समझ कर अपनी जवाबदारी का पूरी तरह से निर्वहन करे।

**जय रतलाम के उदघोष के निकली रैली**

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति द्वारा समिति संयोजक पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में जय रतलाम उद्घोष के साथ रैली निकाली। महलवाड़ा स्थित मां पद्मावती माता मंदिर में पहले मातारानी की प्रतिमा को चुनरी अर्पण की। इसके बाद रैली शुरू हुई। दो पहिया वाहनों पर सवार होकर रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व शहरवासी शामिल हुए। रैली के जगह-जगह स्वागत किया गया। रैली शहर के अनेक मार्गों से होते हुए नगर निगम तिराहा स्थित महाराजा रत्नसिंह जी की प्रतिमा पर पहुंची। यहां पर सभी ने महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# टैक्स रिटर्न के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला शातिर आरोपी मैहर से गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

शहर कोतवाली पुलिस ने जीएसटी और इनकम टैक्स रिटर्न भरने के नाम पर व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को मध्यप्रदेश के मैहर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फरियादी के टैक्स अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी डालकर लाखों रुपये का हेरफेर किया और शासन को भी राजस्व की हानि पहुँचाई।

प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायत कर्ता प्रभुलाल माली निवासी रामटेकरी मंदसौर ने विगत 11 जनवरी को थाना कोतवाली में आवेदन दिया था कि आरोपी नीलेश सिंह पिछले 8 वर्षों से उनका जीएसटी और आईटी संबंधी कार्य देख रहा था। आरोपी ने धोखाधड़ी की नीयत से फरियादी के जीएसटी अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल अपडेट कर दिया, ताकि



टैक्स संबंधी कोई भी मैसेज या अलर्ट फरियादी को न मिल सके। इस दौरान आरोपी ने फर्जी बिलों के माध्यम से जीएसटी रिबेट का लाभ अन्य फर्मों को दिलाकर उनसे लाखों रुपये का कमीशन प्राप्त किया। जब फरियादी ने जून 2025 में रिटर्न भरने के लिए संपर्क किया, तो आरोपी अपना किराया का मकान खाली कर फरार हो चुका था। जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने फरियादी को करीब 15 से 20 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुँचाया है।

एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी नीलेश सिंह (44) पिता भगवत प्रसाद बैंस को ममरहा, थाना रामनगर, जिला मैहर से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से ३० जनवरी 2026 तक का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के लैपटॉप में सुरक्षित डेटा से वास्तविक नुकसान का पता लगाया जा रहा है। उसके कई बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन फर्मों ने आरोपी के साथ मिलकर अवैध जीएसटी रिबेट का लाभ लिया है, उन्हें भी मामले में आरोपी बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत माहों में कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के १३ मामलों में अब तक ३९ लाख ४३ हजार ८३९ की रिकवरी कर पीड़ितों को राहत पहुँचाई है।

## अवैध होर्डिंग और पार्किंग कार्य के विरोध में भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने खोला मोर्चा

**मंदसौर।** शहर में आदर्श सड़क परियोजना और पार्किंग स्थल निर्माण को लेकर चल रही कार्यवाही विरोध तेज होता जा रहा है। गांधी चौराहा क्षेत्र में अवैध होर्डिंग न हटाने और अव्यवस्थित ढंग से की जा रही खुदाई के विरोध में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और चल रहे काम को बंद करवा दिया। इस दौरान पार्किंग के लिए जेसीबी से की जा रही खुदाई के दौरान एक पुराना होर्डिंग अचानक गिर गया। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। पार्षदों का आरोप है कि शहर में सालों पुराने और सड़ चुके अवैध होर्डिंग लगे हुए हैं, जिन्हें प्रशासन हटाने की हिम्मत नहीं दिखा रहा है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से ये होर्डिंग टिके हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गरीबों के ठेले, गुमटियां और दुकानों की सीढ़ियां तो हटा दीं, लेकिन रसूखदारों के अवैध होर्डिंग्स पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पार्षदों ने सवाल उठाया कि जब तक होर्डिंग नहीं हटते, तब तक खुदाई और पार्किंग का काम करना जनता के पैसे की बबार्दी है। साथ ही, उन्होंने च्आदर्श सड़क के नाम पर शहर में उड़ रही धूल और व्यापारियों को हो रही परेशानी पर भी रोष व्यक्त किया।इस दौरान भाजपा पार्षद गरिमा भाटी, भाजपा नेता हिम्मत डांगी, कांग्रेस नेता राजेश रघुवंशी, मनोहर नाहटा आदि उपस्थित थे।

## गौवंश के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों का फूटा गुस्सा, हाईवे पर चक्का जाम कर किया प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

शहर के समीप हैदरवास गांव क्षेत्र में गौवंश के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया और यातायात सुचारू हुआ।

प्राप्त जानकारी रेशम कृषि केंद्र के समीप गौवंश के कटे हुए अवशेष मिलने की हिन्दू संगठनों को सूचना मिली। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वहां गोकशी की गई और मांस ले जाया गया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने गौवंश के अवशेषों को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग 50 मिनट तक हाईवे जाम रहा।

प्रदर्शन के दौरान एक दुपहिया वाहन चालक ने जबरन निकलने की कोशिश की, जिससे विवाद बढ़ गया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। बजरंग दल और विहिप ने चेतावनी



दी कि यदि प्रशासन इन गौ तस्करों और गौकशों पर लगाम नहीं लगा पाया, तो संगठन अपने स्तर पर इनसे निपटने के लिए बाध्य होगा।

सीएसपी जितेंद्र भास्कर ने बताया कि हैदरवास क्षेत्र में दो-तीन दिन पुराना गौ अवशेष प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा नाराज होकर प्रदर्शन किया गया है। जिनको समझाया और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करने की बात भी कही है।

## समाजसेवी स्व. कोलन का देहदान, दिया गार्ड आफ आनर्स परिवार को मिला सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



देहदान महादान की वास्तविक सार्थकता नगर में उस समय चरितार्थ हुई, जब समाजसेवी स्वर्गीय राजेंद्र कोलन के निधन के उपरांत उनके परिवारजनों ने त्वरित और प्रेरणादायी निर्णय लेते हुए देहदान हेतु सहमति दी। स्व. कोलन की धर्मपत्नी ललिता कोलन, पुत्र ऋषभ कोलन, पुत्री अर्पिता पीपाड़ा तथा छोटे भाई संजयकुमार, सुशीलकुमार, शैलेशकुमार एवं विपिनकुमार कोलन ने संजीवनी फाउंडेशन एवं लायंस क्लब के माध्यम से देहदान की इच्छा व्यक्त की।

इस पुनीत कार्य में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए लायंस क्लब एवं संजीवनी फाउंडेशन के अध्यक्ष यश जैन (एडवोकेट) ने प्रशासनिक अधिकारियों तथा मंदसौर मेडिकल कॉलेज के डीन से समन्वय स्थापित कर संपूर्ण शासकीय प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार देहदानी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित करते हुए अंतिम यात्रा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात एम्बुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर को मंदसौर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ कॉलेज प्रबंधन द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा परिवार को देहदान की स्मृति स्वरूप सम्मान पत्र एवं स्मृति चित्र भेंट किया गया।

यश जैन ने बताया कि स्व. कोलन द्वारा किया गया देहदान केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि नगर का तीसरा देहदान है,। जो संपूर्ण रतलाम जिले एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इससे देहदान के प्रति जन-जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने परिवार के इस अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी निर्णय के लिए कृतज्ञता एवं साधुवाद भी प्रकट किया।

संजीवनी फाउंडेशन के माध्यम से अब तक 25 से अधिक गणमान्य नागरिक देहदान हेतु संकल्प पत्र भर चुके हैं, ।जो क्षेत्र में सामाजिक चेतना के विस्तार का स्पष्ट संकेत है। इस मोके पर वैभव रांका (संजीवनी फाउंडेशन) मनीष कोचर (देहदान प्रकल्प चेयरपर्सन) विरेंद्र सिसोदिया, पंकज काठेड, रमेश मेहता सुभाष टुकड़िया, रवि खारीवाल, अनिल दसेड़ा, विनोद लूनिया, प्रदीप दसेड़ा, कोलन परिवार के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 11.11 करोड़ की लागत से बनेगा नया फिल्टर प्लांट और 3 पेयजल टंकियां

**मन्दसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत नवीन फिल्टर प्लांट, तीन पेयजल टंकियों और डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन कार्य का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। कुल 11 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों का शिलापूजन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में रामघाट परिसर में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हर घर जल के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पुराना फिल्टर प्लांट ४८ वर्ष पुराना हो चुका था, जिसके स्थान पर अब आधुनिक प्लांट बनेगा। मंदसौर में हो रहे विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के हैं, जिनका लाभ जनता को लंबे समय तक मिलेगा। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि 11 करोड़ की इस राशि से न केवल पेयजल व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि तेलिया तालाब के सौंदर्यीकरण के शेष कार्य भी पूरे किए जाएंगे।

# जाजू कन्या कॉलेज में 4 दिवसीय बसन्तोत्सव का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

शहर के श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर कॉलेज में चार दिवसीय वसन्तोत्सव का आगाज गुरूवार को पूरे उत्साह, उमंग और रंगों के साथ हुआ। कॉलेज परिसर में सुबह से ही वसन्ती माहौल देखने को मिला, जहां खेल मैदान में छात्राओं की ऊर्जा छलकती नजर आई तो. दूसरी ओर मेहंदी और मांडना प्रतियोगिताओं में रचनात्मकता के रंग बिखरे। जिसमें स्लो सायकिल रेस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। हर रेस में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

चेयर रेस में कु. वेदिका यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कु. राशि सोनी द्वितीय और कु. चन्द्रकला प्रजापति तृतीय रहीं। बोरा रेस में कु. अरफीना



नीमच,जाजू कन्या महाविद्यालय में वसंतोत्सव का शुभारंभ



मेवाफरोश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। चम्मच रेस में कु. प्रियांशी तोमर विजेता रहीं, वहीं स्लो सायकिल रेस में कु. करिश्मा ने संतुलन और धैर्य का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला. और रचनात्मकता का भी दिखा रंग खेलों के बाद आयोजित मांडना एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं में कॉलेज परिसर कला दीर्घा जैसा नजर आया। छात्राओं ने पारंपरिक और आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी साफ कर दिया है कि आने वाले दिन वसन्तोत्सव को और भी यादगार बनाने वाले हैं। दर्शक बनी सहपाठियों और शिक्षकों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्राचार्या डॉ. कालानी एवं वसन्तोत्सव प्रभारी डॉ. बीना चौधरी ने छात्राओं से अधिकाधिक सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आत्मविश्वास बढ़ता है और छात्र जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। पहले ही दिन के माहौल ने यह आगे और भी रंगीन होंगे बसन्तोत्सव के दिन बसन्तोत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कॉलेज परिसर में स्थापित देवी सरस्वती माता की पूजा की गई।



### कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने पराक्रम दिवस मनाते हुए किया बसंत का स्वागत

**पिपलिया मंडी ।** शहर की प्रमुखतम शिक्षण संस्था कबीर इंटरनेशनल स्कूल में पराक्रम दिवस का आयोजन एवं ऋतुराज बसंत का स्वागत बहुत ही हर्षोल्लास के साथ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल परमार, प्राचार्या श्रीमती विजया रवि और उप प्राचार्या श्रीमती प्रीति कपूर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन करके किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जो कि सराहनीय रही । इसमें कक्षा एल.केजी. के छात्र-छात्राओं द्वारा "वसंत आया, वसंत आया "कविता आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की हिंदी शिक्षिका श्रीमती उषा शर्मा एवं श्रीमती दीपिका शर्मा ने बच्चों को बसंत ऋतु के महत्व के बारे में समझाया तथा प्रकृति में उपस्थित पीले रंग के महत्व के बारे में बताया ।साथ ही शिक्षक आसिफ खान ने पराक्रम दिवस के बारे में बताते हुए सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें भी उन्हीं की तरह दृढ़ निश्चयी बनकर अपने जीवन में हर कदम पर आगे बढ़ाना है एवं सफलता हासिल करनी है।अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विजया रवि ने बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी तथा सभी बच्चों को फूलों की तरह खिलते व मुस्कुराते रहने की कामना की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दूसरी की छात्रा ध्रुवी पाटीदार ने किया तथा आभार शिक्षिका श्रीमती सीमा रियार ने माना।

### गोमाबाई रोड अल्कलॉइड कॉलोनी के पास महिला से चैन स्नैचिंग घटना

**नीमच।** शहर में बदमाशों के हौसले ऐसे बुलंद दिख रहे हैं की एसपी द्वारा चोरी की 10 घटनाओं का खुलासा करने के महज दो घंटे बाद ही शहर में एक और चैन स्नेचिंग की घटना को बदमाशो ने अंजाम दे दिया। एक और पुलिस जहां क्षेत्र में सुरक्षा व चोरी की वारदातों को रोकने का पर लगातार प्रयास कर रही है। वहीं बदमाश अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं । आज शाम को फरी यादी अरुणा जैन, निवासी विजय टॉकीज क्षेत्र, जो अपनी सहेली के साथ स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार बदमाश ने लक्ष्मी चाट अलकॉलयड कॉलोनी के सामने पता पूछने के बहाने उन्हें रोका और सोने की चैन मय पेंडल झपटकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने ब्राउन रंग का जैकेट पहन रखा था। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जबकि एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 10 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया, जिसके दो घंटे बाद हुई इस घटना ने अपराधियों के बेखौफ रवैये को भी उजागर कर दिया। अभी पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी की तलाश कर रही है। आमजन और महिलाएं विशेष रूप से भयभीत है ।

### रिद्धि सिद्धि महिला मंडल द्वारा संपन्न हुआ पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय रिद्धि सिद्धि महिला मंडल द्वारा सब्जी मंडी परिसर में पंडित देवीलाल शर्मा के आचार्यत्व एवं पं कांतिलाल तिवारी के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री गणेश रिद्धि सिद्धि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। चार दिनों तक आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजन से पूर्व श्री गणेश रिद्धि सिद्धि सहित बैंड बाज नाच गान एवं भव्य आतिशबाजी के साथ बग्घी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। तत्पश्चात प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उपरांत पांचवें दिन विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।

### डिजिटल अरेस्ट मामले में अब तक 15 लोग को किया गिरफ्तार

**रतलाम।** रिटायर्ड प्रोफेसर और उनकी पत्नी को 28 दिन डिजिटल अरेस्ट किया, 1.34 करोड़ रुपए ठगे। कनाडा से आए बेटे ने माता-पिता को छुड़ाया। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के तीन और लोगों को पकड़ा है। इनमें एक युवती भी शामिल है। अब तक 15 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें कुछ लोग देश के अलग-अलग राज्यों के हैं। वह वॉट्सऐप कॉल करके लोगों से ठगी करती थी। पकड़े गए आरोपी असम, पंजाब और जम्मू के रहने वाले है। असम में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा तो उसने मोबाइल अलमारी में छुपाकर चाबी टॉयलेट सीट में डाल दी थी। पुलिस ने उसी से सीट के अंदर से चाबी निकलवाई।दरअसल 15 नवंबर 25 को रतलाम के डीडी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड प्रोफेसर को ठगों ने कॉल किया।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/1564/लो.नि.वि./ रतलाम, दिनांक 21-01-2026

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्न लिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 477195 | जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र पर सिविल मेटेनेन्स कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1-03 माह 2-2117600/- | 1-5000/- 2-42360/- | 23-02-2026 15:30 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम रतलाम**




## व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण

**इंगोरिया।** शासन की रोजगार उन्मुख योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंगोरिया के छात्र छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया जाता है। इस बार श्री गुरु सांदीपनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस टेक्नोलॉजी उज्जैन का भ्रमण बस द्वारा कराया गया। प्राचार्य महेश मालवीय ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर ऑपरेटर एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर डेवलपर साथ ही डिपार्टमेंटल स्टोर ऑपरेटर आदि पाठ्यक्रम संचालित किए जाते है। इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं करियर से जुड़े नए अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया, जिससे उनमें उच्च शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। औद्योगिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में अर्जुन जाठी व्यावसायिक प्रशिक्षक,श्रीमती ज्योति स्वर्णकार, श्रीमती संगीता चंदेलकर, गोवर्धन लाल सोलंकी के द्वारा करवाया गया।

## विधायक जैन ने डीआरएम से मुलाकात कर रेल्वे स्टेशन पर सुविधाओं की मांग की



**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे स्टेशन पर अपने दौरे पर रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण करने आये कोटा रेल मंडल के डीआरएम अनिल कालरा से विधायक दिनेश जैन बोस के साथ ग्राम वासियों ने भेंट कर रेल्वे संबंधी समस्याओं से उनका ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विधायक के साथ प्रेस फोटो ग्राफर मुकेश मीणा, मुकेश शर्मा, विनोद मीणा, आनंद पोरवाल, रमेश मीणा, प्रकाश देव ड़ा, गोना मीणा, राजेश टेलर श्याम गुलाटी आदि उपस्थित थे। विधायक ने डीआरएम कालरा से सिंहस्थ महाकुंभ के अवसर पर नागदा मेमू को उज्जैन तक,चौमहला ट्रेन को उज्जैन तक एवं प्लेट फार्म पर दिव्यागों के लिये लैट्रिन बाथरूम पेयजल हेतु दोनों तरफ वाटर कूलर, यात्री प्रतीक्षालय स्टेशन परिसर एवं स्टेशन के बाहर सीसीटीवी कैमरे कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड आदि मांगे रखी।

## यातायात जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित



**राजगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह माह 2026 एवं संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत सांदिपनी विद्यालय जीरापुर में यातायात जागरुकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी हेतु संस्था के प्राचार्य कैलाश शर्मा एवं व्याख्याता राजकुमार तोमर द्वारा व्याख्यान दिया गया। साथ ही पुलिस विभाग की ओर से उप निरीक्षक मनोज राय, उप निरीक्षक एफ कुजुर एवं आरक्षक सुनील लाड उपस्थित रहे।

## माईक्रो इरिगेशन सिंचाई का रकबा बढ़ाने हेतु जिले के विक्रताओं की समीक्षा



**राजगढ़।** जिले में माइक्रो इरिगेशन संबंधित सिंचाई उपकरण विक्रताओं से संबंधित निर्माता प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास में किया गया। जिसमें निर्माताओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा निर्देश दिए गए कि कृषको का लॉटरी में चयन होने पर समय-सीमा में कार्यवाही कर कृषकों को लाभांवित कराने हेतु प्रेरित करें। जिले में मोहनपुरा, कुण्डालिया सिचाई परियोजना अन्तर्गत प्रेस्त्राईज्ड क्षेत्रों में केंप लगाकर माइक्रो इरिगेशन का लाभ बताते हुए क्लस्टर में स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई उपकरणों से सिंचाई करने हेतु प्रोत्साहित कर विभागीय योजना के अतिरिक्त कृषक स्वयं के व्यय पर क्रय कर माइक्रो इरिगेशन पद्धित अपनायें। साथ ही कृषि मैपर ऐप पर जियो टेगिंग कर सिंचाई उपकरणो का शासन निर्देशों से सत्यापन भी कराए।

संघ शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

# भगवा पताकाओं, झांकियों व कलश यात्रा के साथ निकला ऐतिहासिक चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तथा अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय तिथि के पावन पर्व पर सारंगपुर नगर में हिन्दू समाज द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत दिखाई दिया और वंदे मातरम, भारत माता की जय तथा जय श्रीराम-के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत पंडितवाडी स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती से हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

### झांकियों और भगवा पताकाओं से सजा नगर

चल समारोह में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ बडी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा में भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी भारत माता की जीवंत झांकी घोडे पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की वीरता दशार्ती झांकी गौशाला, शिलानाथ बाबा का धूना राष्ट्र एवं महापुरुषों की प्रेरणादायी झांकियां नगरवासियों का मन मोह रही थीं। चल समारोह गांधी चौक, सदर बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद क्षेत्र, रंगेरवाडी, बागकुआ, बदलीपुरा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, एबी रोड, अकोदिया नाका होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्ना मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा



कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

यज्ञ, पूणार्हुति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कृषि उपज मंडी परिसर में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा।

### मंच पर विराजमान रहे संत एवं प्रमुख वक्ता

सभा मंच पर संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी, मुख्य वक्ता श्री श्री 1008 अपूर्ण गिरी महामंडलेश्वर वर्षा नागर, संत नित्यानंद गिरी महाराज (पिपल्यापला) सहित अनेक संत समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक विराजमान रहे।

### संगठित हिन्दू समाज ही राष्ट्र की शक्ति

प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि आज हिंदू समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खडी हैं। इतिहास साक्षी है कि जब समाज संगठित नहीं रहा, तब विदेशी आक्रांताओं और अत्याचारों का सामना करना पडा। उन्होंने कहा कि आज भी जातिगत भेदभाव, सामाजिक विघटन, जनसंख्या असंतुलन, सांस्कृतिक विस्मृति जैसे संकट राष्ट्र की एकता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठित, संस्कारित और समरस हिंदू समाज ही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है। जब हिंदू समाज एकजुट होगा, तभी भारत विश्व को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखा सकेगा।

### संस्कार ही राष्ट्र की असली शक्ति–वर्षा नागर

संघ शताब्दी वर्ष के स्थापना उत्सव अवसर पर मुख्य वक्ता वर्षा नागर ने मां भगवती, बिजासन माता, वैष्णो देवी एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में वंदन करते हुए अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और संस्कृति की सेवा करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि संघ का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना समाज को जागरूक बनाना संस्कारों को पीढी दर पीढी पहुंचाना है। वर्षा नागर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल मोबाइल, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक सीमित न रहें, बल्कि अपने इतिहास को जानें अपने वीरों को पहचानें अपनी संस्कृति पर गर्व करें। उन्होंने महाराणा प्रताप, महाराणा कुंभा जैसे महापुरुषों के त्याग, शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। बेटियों को दिया दुर्गा स्वरूप बनने का संदेश दिया तथा कहा कि भारत की बेटियां केवल परिवार नहीं, राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें दुर्गा स्वरूप बनकर आत्मनिर्भर, साहसी और संस्कारवान बनना चाहिए।–उन्होंने दृढता से कहा कि भारत की संस्कृति कभी समाप्त नहीं हो सकती, क्योंकि इसकी जडें संस्कारों में हैं। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल एवं विद्या भारती के सेवा, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की और वंदे मातरम व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपना वक्तव्य पूर्ण किया। अंत में मां भारती की आरती व समरसता भोज कार्यक्रम के समापन अवसर पर मां भारती की आरती की गई।

## मेडतवाल वैश्य समाज के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

मां फलोदी के आशीर्वाद से मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 10 महिलाएं समेत 50 पुरुषों ने रक्तदान किया वर्तमान समय में जिला राजगढ़ के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के द्वारा यह लगातार नवां रक्तदान शिविर है।

उक्त शिविर की शुरूआत सबसे पहले मां फलोदी की पूजा अर्चना के साथ की गई इस शिविर के साथ निशुल्क रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण डॉक्टर रानू गुप्ता पैथोलॉजी द्वारा की गई साथ ही डॉ अनमोल गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण भी निशुल्क किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों के साथ डॉ रामकरण गुप्ता डॉक्टर रमेश गुप्ता डॉ राकेश गुप्ता डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता, डॉ,धर्मेंद्र गुप्ता डॉ गौरव गुप्ता डॉ अर्पित गुप्ता डॉक्टर अनमोल एवं राजगढ़ की टीम से आए हुए अतिथियों का समाजजनों ने स्वागत किया वह नवयुवक मंडल व महिला मंडल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया गया राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार युवा भाजपा नेता पंडित अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव दीपक सामरे सुमित सोलंकी भी शिविर में पधारे और उन्होंने भी मां फलोदी की पूजा अर्चना की समाज अध्यक्ष गिरिराज सिंगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेठ मोहन करोड़िया के कैलाश टाटा पुरुषोत्तम कुराडिया खेड़ी रामेश्वर पगारा वाले राम बाबू किल्ला वाले ब्रजमोहन, हरीश नटराज दिलीप क्वालिटी आशीष घाटीवाले एवम नवयुवक संघ से रणछोड़ करोडीया द्वारका गुप्ता विनोद गुप्ता बालकृष्ण करोडिया राजकुमार गुप्ता मलावर वाले पुरुषोत्तम तालोड़ी वाले श्रीनाथ भैंसाना गोपाल भीलवाडिया वाले अंकुर, चेतन जुलानिया नितेश नवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता अर्पित गुप्ता दीपेश भानेज गिरिराज गुप्ता मलावर वाले अनिल राहुल तनु आदित्य मोहन हलवाई सोनू गुप्ता भेसाना सभी नवयुवक संघ के सभी साथी उपस्थित थे।



## श्री कामधेनु गो अभ्यारण्य में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष का आगमन

**सुसनेर।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विशेषर सिंह पटेल बुधवार को धर्मपत्नी सहित सुसनेर स्थित श्री कामधेनु गो अभ्यारण्य, सालरिया पहुंचे। अभ्यारण्य कार्यालय में गौ माता की प्रतिमा एवं चित्र के समक्ष दुपट्टा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इसके पश्चात पटेल धनवंतरी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने दुधारू गोवंश का निरीक्षण किया तथा गोवंश की देखभाल, स्वास्थ्य एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौसेवा को समाज और संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की। इसके बाद वे पुरानी गौशाला पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर गौ माता का पूजन किया गया। सायंकाल महाराज एवं उपस्थित ग्वालों के साथ मिलकर गौ माता एवं हनुमान जी की आरती की गई तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विशेषर सिंह पटेल ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि गौसंरक्षण भारतीय सनातन संस्कृति की मूल भावना है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में गो अभ्यारण्य सालरिया के संरक्षक पूज्य महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सिविल अस्पताल में एसडीएम–तहसीलदार का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

# बिना बेडशीट और गंदगी मिलने पर भड़के एसडीएम, स्वास्थ्य स्टाफ को लगाई फटकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

शासकीय सिविल अस्पताल में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एसडीएम सर्वेश यादव एवं तहसीलदार रामेश्वर दांगी ने अचानक औचक निरीक्षण किया। शाम करीब साढ़े पांच बजे हुए इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर खामियां सामने आईं। जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों व स्टाफ को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार ने सर्वप्रथम भर्ती वार्ड का भ्रमण किया। यहां कई मरीजों के बेड पर गंदी अथवा बिना बेडशीट के व्यवस्था मिलने पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीज पहले से ही बीमारी से जूझ



रहे होते हैं। ऐसे में स्वच्छता में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने वार्डों की नियमित सफाई, साफ बेडशीट एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रभारी मुख्य बीएमओ डॉ. बृजभूषण पाटीदार से चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर जानकारी ली गई। ड्यूटी रजिस्टर में डॉक्टरों के हस्ताक्षर नहीं मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर चिकित्सक डॉ. बी.बी. पाटीदार ने बताया कि डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाती है। अधिकारियों ने उपस्थिति व्यवस्था को पारदर्शी और समयबद्ध रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर, अटेंडेंट व्यवस्था तथा अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की। वहीं दवा वितरण केंद्र की छत से सीलिंग गिरने की समस्या सामने आई। जिसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार को तुरंत अवगत कराया गया तथा शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।एसडीएम सर्वेश यादव ने निरीक्षण के दौरान स्वयं भी बीपी एवं शुगर की जांच कराकर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिविल अस्पताल आम जनता की सेवा का केंद्र है और यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। निरीक्षण के समय पटवारी मोहित नागर, शिव पाटीदार, बीसीएम मुकेश सूर्यवंशी सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।



## युवा ब्राह्मण समाज ने किया भजन गायक गोकुल शर्मा का भव्य स्वागत

**सुसनेर।** गुरुवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भाग लेने के लिए आए सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा का आगर रोड स्थित शिवाय होटल में युवा ब्राह्मण समाज ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गायक के छोटे भाई लक्ष्मण शर्मा का भी स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के युवा उपस्थित रहे और उन्होंने गायक का हर्षोल्लास के साथ अभिनंदन किया। समारोह में उपस्थित युवाओं ने फूल-मालाओं और तिलक के साथ गायक का सम्मान किया और आगामी भजन संध्या के सफल आयोजन की कामना की। युवा ब्राह्मण समाज ने इस अवसर को खास बनाने के लिए स्वागत और आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई।

## बसंत पंचमी बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालयों सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों सरस्वती शिशु मन्दिरों में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर उन्हें प्रसाद का भोग लगाया विद्यार्थियों ने बारी-बारी से ज्ञान की देवी सर स्वती की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के श्री राम हनुमान मंदिर श्री शेषशायी विष्णु मंदिर गणेश मंदिर तथा अन्य मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचे मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के पुजारियों ने पीले रंग की मिठाई प्रसाद के रूप में प्रदान की घरों में केसरिया भात बनाया गया बच्चों ने स्कूलों में पीले फूलों की रंगोली भी बनाई।

## बाल विवाह के विरुद्ध हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम



**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता डॉ. रीना अध्वर्यु ने अपने व्याख्यान में बताया की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जो न केवल बच्चों के बचपन को छीन लेती है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसके विरुद्ध जन जागरूकता पैदा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. जाकिर उद्दीन अहिंगर ने किया ' कार्यक्रम के अंत में डॉ. नैना तिवारी ने सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त किया ' इसी क्रम में डॉ प्रज्ञा शर्मा ने बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण करवाई ' तथा बाल विवाह निषेध विषय पर कई प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के माध्यम से आयोजित की गई ' इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार माहौर, डॉ. घनश्याम सिंह, श्री राम हरसोरा, श्रीमती हूमेरा खान सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री टेकचंदजी महाराज ट्रस्ट कड़छा में अमित चौहान अध्यक्ष निर्वाचित



महिदपुर। श्री दामोदरवंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के रजिस्टर्ड ट्रस्ट श्री टेकचंद जी महाराज रजिस्टर्ड ट्रस्ट कड़छा जिला उज्जैन के पंच वर्षीय चुनाव 18 जनवरी को गुरुधाम कड़छा में संपन्न हुए। जिसमें महाकाल पैनल की एकतरफा जीत हुई। उक्त निर्वाचन में अमित चौहान (कोट भिड़ोता वाले) अध्यक्ष पद पर विजय हुवे। एवं पुरी महांकाल पैनल साहित ट्रस्टीयो की इस प्रचंड जीत पर ट्रस्ट के नव नियुक्त राष्टीय अध्यक्ष अमित चौहान एवं सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों का आभार वयक्त किया एवं समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने की अपेक्षा जताई। समाजजनों द्वारा इस जीत पर नवनिर्वाचित टीम का भव्य स्वागत किया गया। महिदपुर समाज अध्यक्ष अनिल सोनगरा, कमलेश चावड़ा,ताराचंद धन्नालाल सोनगरा, गौरव सोनगरा, दिनेश सोलंकी, अजय यादव , राजेंद्र यादव राजेश सोनगरा एवं सभी समर्थकों ने टीम को बधाई दी।

कई बार बच्चे पूरे साल मेहनत करते दिखाई देते हैं लेकिन जब रिजल्ट आता है तो एग्जाम में फेल हो जाते हैं। ऐसे में सिर्फ माता-पिता के लिए ही नहीं बल्कि उनके खुद के लिए भी ये जानना काफी मुश्किल हो जाता है कि इसके पीछे क्या वजह हो सकती है। आइए आज इस आर्टिकल में आपको इस समस्या के पीछे छिपे कुछ बड़े कारण बताते हैं।

## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- एक आइस हॉकी टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
छह
- 2022 अंतर्राष्ट्रीय महिला साहस पुरस्कार किसने जीता?
रिजवाना हसन
- विश्व वन्यजीव दिवस 2022 की थीम क्या है?
पारिस्थितिकी तंत्र बहाली के लिए प्रमुख प्रजातियों को पुनर्प्राप्त करना
- इसरो के नए ह्यूमनॉइड रोबोट का क्या नाम है जो अगली बार अंतरिक्ष में जाएगा?
व्योममित्र
- किस देश को पूर्वी समुद्रों का मोती कहा जाता है?
फिलीपींस
- भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?
होमी जे भाभा
- रेडियो का आविष्कार किसने किया?
गुग्लिल्मो मार्कोनी
- यूरोप की सबसे लंबी नदी कौन सी है?
वोल्गा नदी
- हड़प्पा सभ्यता द्वारा उपयोग की जाने वाली पहली धातु कौन सी थी?
ताँबा
- थॉमस कप किस खेल से संबंधित है?
बैडमिंटन
- राइडर कप किस खेल से संबंधित है?
गोल्फ
- कागज का आविष्कार किस देश ने किया था?
चीन
- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस किस दिन मनाया जाता है?
8 सितंबर

# अपनी मर्जी से नहीं!

## ये वजहें भी जिम्मेदार हैं बच्चों के फेल होने के लिए...

आज हम आपको बच्चों के एग्जाम में फेल होने या मेहनत के मुताबिक रिजल्ट में खरा नहीं उतरने के पीछे छिपे कुछ कारणों के बारे में बताएंगे। ऐसे में आप इन्हें ठीक करने की दिशा में काम कर सकते हैं। जाहिर-सी बात है कि माता-पिता के लिए ये लम्हा जितना स्ट्रेसफुल होता है, उससे कहीं ज्यादा फर्क बच्चों पर भी इसका पड़ता है। जी हां, भले ही वे दिखाते न हों, लेकिन ऐसा होने पर उनके आत्मविश्वास में काफी कमी आ जाती है, जिसका असर रोजमर्रा के कई कामों पर पड़ता है। तो इसलिए बेहतर है इसके कारणों को जान लेना।

### टीचर से सवाल न पूछना

टीचर जब पढ़ा रहे होते हैं, तो अक्सर बच्चे हां में सिर हिला रहे होते हैं। ऐसे में इसे झिझक कहें या डर, जो भी हो, लेकिन ये बच्चों की पढ़ाई में बहुत बड़ा रोड़ा बन सकता है। जरूरी है कि हर समस्या को ट्यूशन वाली दीदी या भैया पर न छोड़कर आप नहीं अपने टीचर से डिस्कस कर लें। हमेशा याद रखें कि जितने ज्यादा सवाल पूछेंगे उतना ही एग्जाम में फायदा देखने को मिलेगा।

### नोट्स के भरोसे

कई बच्चे खुद नोट्स नहीं बनाते हैं, और ऐसे में अपने दोस्तों से नोट्स लेने के भरोसे रहते हैं। ऐसे में आपको बता दें, कि हर बच्चे का लिखने और समझने का तरीका अपने हिसाब से अलग-अलग होता है। ऐसा नहीं है कि आपका दोस्त, टीचर की कही हर बात को रोबोट की तरह नोट करके आपको दे सकता है। ऐसे में वे अपनी समझ के हिसाब से चीजों को लिखता है, जिसे एग्जाम के आखिरी मौके पर पढ़ने से आपके हाथ कन्फ्यूजन ही लगती है।

### ट्यूशन पर निर्भर


सिर्फ बच्चे ही नहीं, कई बार माता-पिता भी ये समझने लगते हैं, कि बच्चे का ट्यूशन लगवा दिया है, अब काम खत्म। तो बता दें, कि ऐसा नहीं है। कई बच्चों को सिर्फ ट्यूशन या कोचिंग में ही पढ़ने या सीरियस रहने की आदत हो जाती है, जो आगे चलकर पढ़ाई से बोरियत या दूरी का कारण बनती है। ऐसे में ट्यूशन की छुट्टी होने पर बच्चे उसे पढ़ाई को हल्के में लेते हैं सिलेबस का रिवीजन भी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं।

### बेसिक क्लियर न होना


नई क्लास या सेमेस्टर के शुरूआती चैप्टर्स को अक्सर बच्चे हल्के में लेते हैं। ऐसे में पता ही नहीं लगता कि कब-कब में पढ़ाई पेंडिंग होती जाती है और बेसिक्स क्लियर न रहने पर आगे के चैप्टर भी सही से समझ नहीं आ पाते हैं। ऐसे में इस बात को दिमाग में बैठा लें, कि सिर्फ एग्जाम से पहले की कुछ रातों को काली करके अच्छे नंबर नहीं लाए जा सकते हैं, इसके लिए रोजाना की मेहनत जरूरी है।

### बच्चों पर दबाव

जी हां, हर गलती जाने अनजाने में बच्चे से ही नहीं होती है। वे एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, तो इसके पीछे कई बार माता-पिता, भाई-बहन या रिश्तेदारों का भी दबाव होता है। अब रिश्तेदारों के दबाव को छोड़िए, लेकिन माता-पिता और भाई-बहन अपने अंदर सुधार जरूर कर सकते हैं। कोशिश करें, कि बच्चों के सामने बड़ी-बड़ी उम्मीदों को लेकर बात न करें और उन्हें पड़ोसी के बच्चे का उदाहरण बिल्कुल न दें। इससे उनकी परफॉर्मेंस और भी खराब हो जाती है।



### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह रिजर्व खिलाड़ी काइल जेमीसन को टीम में शामिल किया गया है। कीवी टीम पहले ही कई चोटों और अनुपलब्ध खिलाड़ियों से जूझ रही है, जिसके चलते उनकी तेज गेंदबाजी यूनिट पर बड़ा असर पड़ा है।

## टी20 विश्व कप: न्यूजीलैंड को बड़ा झटका! बाहर हुए एडम मिल्ने, 6 फीट 8 इंच का यह बॉलर बना रिप्लेसमेंट

**वेलिंगटन।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड को एक बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज एडम मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें 18 जनवरी को टी20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से खेलते समय लगी थी। उनकी जगह काइल जेमीसन को शामिल किया गया है, जो पहले टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व की भूमिका में थे। टीम एक और रिजर्व खिलाड़ी बाद में घोषित करेगी।



### लगातार चोटों से जूझ रही है न्यूजीलैंड की टीम

मिल्ने की बाहर होने वाली चोट न्यूजीलैंड के लिए नई नहीं है, क्योंकि टीम पहले ही चोटों की लंबी सूची का सामना कर रही है। विल ओ'रूर्के, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ और बेन सीयर्स सभी इस समय चोट से जूझ रहे हैं। वहीं, मिचेल सैंटनर, मार्क चैपमैन और मैट हेनरी, जो भारत में सीरीज खेल रहे हैं और वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल हैं, हाल ही में ही चोट से उभरे हैं। इसके अलावा लोकी फर्ग्यूसन पिंडली की चोट के कारण भारत सीरीज से बाहर हैं। साथ ही फर्ग्यूसन और हेनरी दोनों पैटरनिटी लीव के चलते वर्ल्ड कप के कुछ मैच मिस कर सकते हैं।

### कोच न मिल्ने के लिए जताया दुख

टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने मिल्ने के बाहर होने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'हम सभी एडम के लिए दुखी हैं। उन्होंने टूर्नामेंट की तैयारी के लिए बहुत मेहनत की थी और टी20 में अपने आठ मैचों में शानदार दिख रहे थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है।' जेमीसन की शामिली पर वॉल्टर ने कहा, 'यह अच्छा है कि जेमीसन पहले से ही भारत में हमारे साथ हैं। वह हमारी पेस यूनिट के अहम सदस्य हैं और इस दौरे पर अच्छी लय में हैं।'

न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवन कॉनवे, जेकब डफी, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जेमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

## एशियाई क्रिकेट में जहर घोल रहा पाकिस्तान? बांग्लादेश बना मोहरा! पीसीबी ने बीसीबी को भारत विरोध का औजार बनाया

**दुबई।** भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बांग्लादेश और आईसीसी के बीच खींचतान नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। गुरुवार, 22 जनवरी को बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने दोहराया कि टीम भारत नहीं जाएगी। आईसीसी ने एक दिन का समय दिया था, लेकिन ढाका अपने रुख पर अडिग रहा। असल विवाद यहां से और दिलचस्प हो जाता है, क्या इस पूरे विवाद को पाकिस्तान हवा दे रहा है?

### पाकिस्तान की भूमिका: ईमेल, वोट और उकसावे की राजनीति

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी ने सदस्य देशों से पूछा कि क्या बांग्लादेश को भारत के बाहर खेलने की अनुमति दी जाए। इसके लिए 16 देशों ने वोट किया। इसमें से 14 देश विरोध में थे। केवल पाकिस्तान और खुद बांग्लादेश इसके समर्थन में थे।

यही वह मोड़ था जहां पाकिस्तानी एजेंडा साफ दिखाई देने लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वोटिंग से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को ईमेल भेजा और आश्वासन दिया कि वे बांग्लादेश मैचों की मेजबानी करने को तैयार हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'ईमेल में पीसीबी ने लिखा है कि बांग्लादेश की मांग जायज है और आईसीसी को उनकी बात माननी चाहिए। अगर श्रीलंका में मैच शिफ्ट करने में समस्या हो, तो पाकिस्तान सभी मैच होस्ट करने को तैयार है।'

### भारत विरोध की पृष्ठभूमि: मुस्तफिजुर विवाद

यह विवाद हवा में नहीं पैदा हुआ। मुस्तफिजुर रहमान वाले विवाद के बाद से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर एंटी-इंडिया नैरेटिव का आरोप लगता रहा है। कई बांग्लादेशी खिलाड़ियों और अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से असंतोष जताया, जिससे जमीन पहले से तैयार हो चुकी थी जिसमें पाकिस्तान ने केवल चिंगारी फेंकी।

यह ईमेल पाकिस्तान की उस कूटनीतिक चाल की ओर इशारा करता है जिसमें वह भारत विरोध का नैरेटिव मजबूत करना चाहता है। यह वही पाकिस्तान है जो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से लेकर एशिया कप तक हर मंच पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से भिड़ता रहा है।

### आईसीसी का रुख: बांग्लादेश फंस गया मुश्किल मोड़ पर

आईसीसी के संकेत साफ हैं- भारत मेजबान है और मैच यहीं होंगे। ऐसे में बांग्लादेश के लिए अब विकल्प बेहद सीमित हैं-

पहली स्थितिः अगर बांग्लादेश अब भी झुकता है और भारत आने को कहता है, तो बोर्ड उपहास का पात्र बन जाएगा और विश्वसनीयता पर चोट आएगी।

दूसरी स्थितिः अगर बांग्लादेश नहीं आता है और वर्ल्ड कप से बाहर होता है, तो विकल्प के रूप में स्कॉटलैंड को विश्व कप खेलने के लिए बुलाया जा सकता है।

तीसरी स्थितिः पाकिस्तान साथ नहीं छोड़ता है तो एशियाई क्रिकेट में विभाजन की स्थिति बन सकती है। तीनों में से कोई भी स्थिति बांग्लादेश के हित में नहीं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
गैस एजेंसी पर ऑफिस कार्य हेतु महिला/पुरूष की
कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक
गैस एजेंसी के अनुभवी को प्राथमिकता
शीघ्र संपर्क करे
मंगलमूर्ति गैस एजेंसी
नजर अली मार्ग, ललूजी एंड सस के सामने, उज्जैन
संपर्क: 9425093658

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


न्यूज कॉलम

## महिला की हत्या, हाथ-पैर बंधे मिले, घर में मिला शव, मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था



**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा इलाके में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह उसका शव घर के कमरे में मिला। महिला के हाथ और पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। महिला अपने पति से अलग रहती थी और सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करती थी। शुरूआती जांच में हत्या के पीछे प्रेम संबंध की बात सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना नंदबाग इलाके की है। यहां गायत्री (35) पत्नी सुनील कुर्मी का शव उसके घर में पड़ा मिला। महिला सुबह साढ़े 6 बजे टीसीएस में ड्यूटी पर जाती थी। जब वह लगभग एक घंटे तक नहीं पहुंची, तो इंचार्ज बद्रीलाल ने उसके घर जाकर देखा। महिला मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी। उसके परिवार में कोई बच्चे नहीं हैं। आसपास के लोगों को महिला के पति की जानकारी नहीं थी। महिला के माता-पिता को छिंदवाड़ा में सूचना दी गई है। पुलिस ने मौके पर महिला का टिफिन पाया। शुरूआती जांच में पता चला कि महिला की गला घोटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने महिला के साथ काम करने वाले एक साथी से पूछताछ की है और उसे संदिग्ध माना जा रहा है। महिला के शव को आगे की जांच और पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खेती के लिए पंप लेने आए युवक का कार ड्रायवर रुपए से भरा बैग ले भागा

**इंदौर।** जूनी इंदौर में एक युवक से उसके परिचित ने धोखाधड़ी कर दी। युवक कार से उतरकर बाथरूम गया तो उसका रुपयों से भरा बैग लेकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि जगन झेतरिया, निवासी बुरहानपुर, की शिकायत पर उसके परिचित शुभम इंगले के खिलाफ गुरुवार को चोरी के मामले में एफआईआर की गई है। जगन के मुताबिक वह देवश्री टॉकीज के पास लोहामंडी में बाथरूम जाने के लिए कार से निकले थे। इसी दौरान आरोपी शुभम कार में रखा 1 लाख 7 हजार रुपये से भरा बैग और मोबाइल लेकर फरार हो गया। जगन ने बताया कि वह गुरुवार को बुरहानपुर से इंदौर आए थे। उन्हें बोरिंग के लिए पंप लेना था, इसके लिए रुपये उनके पास रखे थे। शुभम गांव का परिचित है और इंदौर में कार टैक्सी चलाता है, इसलिए उसे साथ में ले लिया। शुभम द्वारा घटना किए जाने के बाद उसे कई बार कॉल किया, लेकिन उसने मोबाइल नहीं उठाया। जगन ने अपने परिचित संतोष को मामले की जानकारी दी। बाद में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। संयोगितागंज इलाके में एक कैफे में घुसकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक कुंज बिहारी का श्रृंदानंद मार्ग स्थित गुरुकृपा कैफे में बदमाशों ने चोरी की। बदमाश यहां से पान मसाला, सिगरेट और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। वहीं एरोड्रम इलाके में भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। महेश मालवीय, निवासी केदार नगर, की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि महेश रात में जब अपने घर आए तो सामान बिखरा पड़ा था। आरोपियों ने घर से सोने के जेवर और चांदी चुराकर ले गए। हालांकि महेश ने अभी पुलिस को यह जानकारी नहीं दी है कि उनके यहां से कितना माल चोरी हुआ है। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है।

## स्टार एयर फिर शुरू करेगी इंदौर-अहमदाबाद फ्लाइट, 7 शहरों के लिए स्लॉट की मांग

**इंदौर।** एविएशन सेक्टर में इस बार सबसे खास समर शेड्यूल तैयार किया गया है। इंडिगो एयरलाइंस की गड़बड़ी के बाद विमानन मंत्रालय ने छोटी एयरलाइंस को बढ़ावा देने के लिए उन्हें कई नए सेक्टर देने की योजना बनाई है। इंदौर से स्टार एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस एक दर्जन से अधिक शहरों के लिए उड़ान मांग रही हैं। स्टार एयर ने इंदौर-अहमदाबाद उड़ान की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने समर शेड्यूल में सात शहरों के लिए स्लॉट की मांग की है। दरअसल, छुट्टियों के मौसम में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो जाती है। इस वजह से मार्च से नए शेड्यूल के तहत उड़ानें चलेंगी। इंदौर एयरपोर्ट इस शेड्यूल के तहत 24 घंटे खुला रहेगा। रात 10.30 बजे से सुबह 6.30 बजे तक 8 से 12 उड़ानों की योजना है। स्टार एयर ने सबसे पहले इंदौर-अहमदाबाद उड़ान की मांग की है। यह उड़ान 29 मार्च से शुरू होगी। इसके अलावा, बैंगलोर और गोंदिया के लिए उड़ानें पहले से संचालित हैं। इस बार दक्षिण भारत के राज्यों से इंदौर को जोड़ने के लिए त्रिवेंद्रम, कोच्चि, बागडोगरा और गुवाहटी समेत अन्य शहरों की उड़ानों के लिए यात्रियों का सर्वे किया जा रहा है। इंदौर से गोंदिया के लिए स्टार एयर की फ्लाइट 26 जनवरी से फिर से शुरू होगी। यह फ्लाइट सप्ताह में पांच दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार चलेगी। इस उड़ान का किराया 3,000 रुपए रहेगा।

## दृष्टि देवकॉन के डायरेक्टर्स सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज

**इंदौर।** टीएंडसीपी को गलत जानकारी देकर लेआउट मंजूर कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने के मामले में राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो ने दृष्टि देवकॉन प्रा. लि. के डायरेक्टर्स सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। ब्यूरो द्वारा ग्राम पिपल्या लोहार और खडराखेड़ा इंदौर में डेवलप की जा रही गिरीराज कॉलोनी के संबंध में गलत जानकारी देकर अवैध लेआउट अनुमोदन कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में दृष्टि देवकान प्रालि. के डायरेक्टर शैलेष पिता शिवनारायण माहेश्वरी, विनोद पिता रामस्वरूप माहेश्वरी, कुंवर सिंह पिता अमर सिंह और राजू पिता अमर सिंह पंवार और माया पति सालगराम राजपूत सभी निवासी पुखराज कार्पोरेशन, नवलखा बस स्टैंड के सामने, इंदौर हैं। मामले में शिकायतकर्ता मे. सुन्दरम रियल इंफ्रा प्रा. लि. के डायरेक्टर पवन नारंग द्वारा आरोप लगाया गया कि दृष्टि देवकान प्रा.लि. के डायरेक्टर शैलेष माहेश्वरी और अन्य भूमि स्वामियों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय को भ्रामक जानकारी देकर प्रस्तावित कॉलोनी के लेआउट में उत्तर दिशा में 9 मीटर चौड़ा पहुंच मार्ग दर्शाया गया, जबकि वास्तविक स्थल पर मात्र 8-10 फीट चौड़ा मार्ग ही उपलब्ध है। जांच में संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, इंदौर से प्राप्त जानकारी और स्थल निरीक्षण के आधार पर पाया गया कि अनुमोदित लेआउट के अनुरूप पहुंच मार्ग मौके पर मौजूद नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों द्वारा सांठगांठ और षड्यंत्रपूर्वक गलत जानकारी प्रस्तुत कर आवासीय भूखंडीय विकास का अभिन्यास अनुमोदित कराया गया और आमजन व कॉलोनी के प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी की गई।

# महू में दूषित पानी से फैली बीमारी

### 25 लोग संक्रमित, छह बच्चे एक ही परिवार के, 3 अस्पताल में भर्ती, छात्रा नहीं दे पाई परीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





अभी इंदौर में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला थमा भी नहीं है कि अब यहां से करीब 20 से 25 किमी दूर महू में दूषित पानी पीने से लोग पीलिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ गए हैं।

यहां के पत्ती बाजार और मोती महल इलाके में 10 से 15 दिन में करीब 25 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे शामिल हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, चंदर मार्ग से शुरू हुई गंदे पानी की सप्लाई मोती महल तक पहुंच चुकी है। नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इससे बच्चों की सेहत के साथ उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

मिठोरा परिवार के छह बच्चे 11 साल की वाणी से लेकर 19 साल के भावेश तक कई दिनों से बीमार हैं। वहीं 12वीं की छात्रा अलीना संक्रमण के कारण प्री बोर्ड की परीक्षा नहीं दे सकी। 9 साल की लक्षिता और 12 साल का गीतांश भी पीलिया से जूझ रहे हैं। मोतीमहल इलाके में हालात और गंभीर हैं। यहां आदर्श (5), कृशु (4) और यथार्थ (10) को हालत बिगड़ने पर रेडक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बुजुर्ग जगदीश चौहान को लिवर इंफेक्शन के चलते इंदौर रेफर किया गया है। रहवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने बताया कि पेयजल पाइप लाइन नालियों के बीच से गुजर रही है। जगह-जगह लीकेज के कारण नालियों का गंदा पानी पाइप लाइन में मिल रहा है, जिससे नलों से गाद और बदबू वाला पानी आ रहा है। इसी पानी के सेवन से इलाके में बीमारी फैल रही है। लगातार अनदेखी से लोगों में भारी आक्रोश है।

### घर-घर सर्वे कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। एसडीएम राकेश परमार और तहसीलदार विवेक सोनी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पानी के सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। महू बीएमओ डॉ. योगेश सिंगारे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर सर्वे कर रही हैं। फिलहाल तीन बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि अन्य मरीजों का इलाज घर पर चल रहा है।

## न्यायालय ने एमआईजी थाने की पुलिस पर जांच शुरू की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस थाना एम.आई.जी. के आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारियों के खिलाफ जिला न्यायालय, इंदौर ने गंभीर धाराओं में जांच प्रारंभ कर दी है। मामला एक टीबी से पीड़ित युवक को झूठे एनडीपीएस केस में फंसाने, अवैध हिरासत, रिश्वतखोरी और साजिशन एफआईआर दर्ज करने से जुड़ा है। पीड़िता राधिका सोनी, निवासी प्रकाशचन्द्र सेठी नगर, इंदौर ने आरोप लगाया कि उसके भाई अजय सोनी, जो गंभीर टीबी से ग्रस्त था और जिसका वजन मात्र 30 किलो रह गया था, को 15 नवंबर 2024 को दोपहर करीब 12.40 बजे पुलिस थाना एम.आई.जी. के पुलिसकर्मी बिना किसी एफआईआर के घर से जबरन उठा ले गए। परिवार द्वारा अजय की गंभीर बीमारी, सरकारी टीबी अस्पताल से हालिया डिस्चार्ज और डॉक्टर की सलाह के बारे में बताने के बावजूद पुलिस नहीं मानी। आरोप है कि थाने में पहुंचने पर पुलिसकर्मी प्रवीण सिंह ने अजय को छोड़ने के बदले 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। मजबूरी में परिवार 25 हजार रुपये ही दे सका, जिसके बाद केवल एक्टिवा वाहन छोड़ा गया, लेकिन अजय को दिनभर अवैध रूप से थाने में बंद रखा गया। रिश्वत की पूरी रकम न मिलने पर पुलिस ने साजिश के तहत अजय को अन्य स्थान ले जाकर उसकी कमर पर बंदूक अड़ाकर वीडियो बनाया और रात 9.19 बजे सिंगापुर बिजनेस बिल्डिंग के पीछे, अयोध्यापुरी से 9.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ने की झूठी कहानी गढ़ दी।

## कलेक्टर वर्मा ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा, सघन जांच शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दूषित पानी से पीलिया, टाइफाइड सहित अन्य बीमारियों के फैलने की आशंका के बीच कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

कलेक्टर ने चंदर मार्ग, पत्ती बाजार और आसपास की गलियों में पहुंचकर जल आपूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन की स्थिति और रहवासियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापक सैंपलिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि चंदर मार्ग क्षेत्र में करीब 250 घरों से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं। सैंपलिंग यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि दूषित पानी किस स्रोत से पहुंच रहा है और किस स्तर पर मिलावट या संक्रमण हुआ है। उन्होंने बताया कि अब तक 25 स्थानों से पानी के सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें 5 सैंपल नर्मदा पाइपलाइन से शेष सैंपल स्थानीय ट्यूबवेल स्रोतों से लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और पीएचई विभाग की संयुक्त टीम नमूनों की जांच कर रही है। लीकेज और नाली से गुजर रही पाइपलाइन शक के घेरे में, जांच के दौरान सामने आया कि कुछ स्थानों पर ट्यूबवेल की पाइपलाइन नाली के रास्ते से गुजर रही थी, जहां लीकेज भी मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि नाली का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिलकर घरों तक पहुंचा होगा। इसी वजह से क्षेत्र में बीमारी फैलने की संभावना मानी जा रही है।

DR. MATTIE. INSTITUTE & PARAMEDICAL & VOCATIONAL UJJAIN
MISI2025848666
NATIONAL SKILL DEVELOPMENT CORPORATION BASED ALL INDI!! MANY PARAMEDICAL COURSES
*CERTIFICATE & DIPLOMA*
*MEDICAL LAB TECHNOLOGY*
• O.T. TECHNOLOGY
ANAESTHESIA TECHNOLOGY
• DIPLOMA IN EMT
• DIPLOMA IN C.M.S & E.D
• DIPLOMA IN GDA & ANM
DR. DINESH KUMAR JOSHI
CONTACT NUMBER:
9752438839, 9752738839
DR. MATTIE. INSTITUTE & PARAMEDICAL & VOCATIONAL, RAM JANARDAN MARG, ANKPAT UJJAIN (M.P.)

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रैन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com